राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# दिव्य दिनकर

एक निडर सच का दर्पण | रांची और पटना से एक साथ प्रकाशित

8

वर्ष 10 अंक :370 रांची (झारखंड),मंगलवार 17 दिसंबर 2024 पेज - 08 मूल्य: 2 RNI NO- JHAHIN/2013/54373




## प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री शाह और भाजपा ने 1971 के विजय दिवस पर रणबांकुरों को दी श्रद्धांजलि

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह एवं सहकारितामंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने विजय दिवस पर 1971 की ऐतिहासिक जीत में अपना सर्वोच्च बलिदान करने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री शाह और भाजपा ने एक्स हैंडल पर मां भारती के सपूतों को कोटि-कोटि नमन किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा, 'विजय दिवस पर हम उन बहादुर सैनिकों के साहस और बलिदान का सम्मान करते हैं जिन्होंने




1971 में भारत की ऐतिहासिक जीत में योगदान दिया। उनके निस्वार्थ समर्पण और अटूट संकल्प ने हमारे राष्ट्र की रक्षा की और हमें गौरव दिलाया। यह दिन उनकी असाधारण वीरता और उनकी अटल भावना को श्रद्धांजलि है। उनका बलिदान पीढ़ियों को हमेशा प्रेरित करेगा और हमारे देश के इतिहास में गहराई से अंकित रहेगा। केंद्रीय गृह एवं सहकारितामंत्री अमित शाह ने लिखा, 'सभी को विजय दिवस की शुभकामनाएं। विजय दिवस सेना के वीर जवानों के साहस, अटूट समर्पण और पराक्रम की पराकाष्ठा का प्रतीक है। 1971 में आज ही के दिन सेना के वीर जवानों ने न केवल दुश्मनों के हौसले पस्त कर तिरंगे को शान से लहराया, बल्कि मानवीय मूल्यों की रक्षा करते हुए विश्व मानचित्र पर एक ऐतिहासिक बदलाव किया। देश अनंत काल तक अपने रणबांकुरों के शौर्य पर गर्व करता रहेगा।' वहीं, भाजपा ने लिखा, '1971 के युद्ध में अपने अदम्य साहस, शौर्य और बलिदान से ऐतिहासिक विजय का गौरवशाली अध्याय लिखने वाले मां भारती के वीर सैनिकों को कोटि-कोटि नमन।'

## कश्मीर घाटी में न्यूनतम तापमान हिमांक बिंदु से नीचे

**एजेंसी**

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी में न्यूनतम तापमान लगातार हिमांक बिंदु से नीचे बना हुआ है जबकि जम्मू में बादलों की पतली धुंध के बीच से सर्दियों का कमज़ोर सूरज निकल आया है। घाटी में शीत लहर की स्थिति बनी हुई है क्योंकि मौसम विभाग ने 21 दिसंबर तक मौसम के ठंडा और शुष्क रहने तथा 21 दिसंबर की शाम से 22 दिसंबर की सुबह के बीच ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बर्फबारी की संभावना जताई है। इसी बीच श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 3.4, गुलमर्ग में शून्य से नीचे 4 और पहलगाम में शून्य से नीचे 5 दर्ज किया गया। जम्मू शहर में न्यूनतम तापमान 5, कटरा में 6.9, बटोत में 4.5, बनिहाल में 1 और भद्रवाह में 3.9 दर्ज किया गया। कश्मीर घाटी में सुबह की अत्यधिक ठंड के कारण लोग सुबह घरों के अंदर ही रहना पसंद करते हैं और बर्फीली हवा के कारण शाम को जल्दी घर जाने की कोशिश करते हैं। कड़ाके की ठंड की 40 दिन की अवधि जिसे स्थानीय रूप से चिल्लई जिससे ठंड का असर और बढ़ जाता है। कश्मीरी लोग शरद ऋतु के दौरान बैंगन, टमाटर और कद्दू जैसी सूखी सब्जियाँ जमा करके रखते हैं ताकि उन्हें सर्दी के महीनों में इस्तेमाल



कलां कहा जाता है 21 दिसंबर से शुरू होकर 30 जनवरी को समाप्त होगी। इस अवधि के दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान के बीच का अंतर कम हो जाता है किया जा सके। कश्मीर घाटी के स्थानीय लोगों द्वारा फेरन नामक एक ढीला ओवरगारमेंट पहना जाता है जिसके नीचे वे कांगड़ी नामक विलो विकर टोकरी में बुनी हुई।

## उत्कर्ष कोचिंग क्लासेस को निगम ने किया सील, एफएसएल टीम ने लिए पानी के सैंपल

**एजेंसी**

**जयपुर।** जयपुर के महेश नगर स्थित उत्कर्ष कोचिंग सेंटर में हुए हादसे ने न केवल शिक्षा संस्थानों की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़ा किया है, बल्कि प्रशासन की उदासीनता भी उजागर कर दी है। रविवार शाम हुई इस घटना के दौरान सीवरेज गैस के रिसाव से कई छात्र-छात्राओं की तबीयत बिगड़ गई, जिसके चलते कुछ बेहोश हो गए और अस्पताल ले जाना पड़ा। इसके बाद निगम ने कोचिंग सेंटर को सील कर दिया।

हादसे के बाद कोचिंग सेंटर को बंद किए जाने से छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा। वे धरने पर बैठ गए और इस कार्रवाई को ÷असामयिक÷ बताते हुए विरोध दर्ज कराया। छात्रों का कहना है कि कोचिंग बंद होने से उनकी तैयारी बुरी तरह प्रभावित होगी। आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर चिंतित छात्रों का भविष्य एक



बार फिर लापरवाही की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है।धौलपुर से आए छात्र रामगोपाल की बात चिंताजनक है :रीट की तैयारी के लिए मैं यहां आया था। अगर कोचिंग पांच दिन भी बंद रहती है तो हमारा करियर दांव पर लग जाएगा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के समय अफरा-तफरी मच गई थी। सवाल यह उठता है कि सीवरेज सिस्टम जैसे बुनियादी ढांचे की नियमित जांच क्यों नहीं होती इतनी भीड़भाड़ के बीच सुरक्षा मानकों का पालन क्यों नहीं किया जाता नगर निगम की टीम के अनुसार, सीवर की गंध हादसे की मुख्य वजह हो सकती है। लेकिन यह प्रश्न अनुत्तरित है कि आखिर ऐसी स्थिति तक प्रबंधन और प्रशासन को जागरूक क्यों नहीं किया गया? घटना के बाद छात्र संघ नेता निर्मल चौधरी के नेतृत्व में छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया। चौधरी ने आरोप लगाया कि प्रशासन और पुलिस कोचिंग माफिया की ढाल बने हुए हैं।

## राहुल गांधी ने विदेश मंत्री को लिखा पत्र, श्रीलंका की जेलों में बंद भारतीय मछुआरों की रिहाई का उठाया मुद्दा

**नई दिल्ली ।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पत्र लिख कर श्रीलंका के जेल में बंद भारतीय मछुआरों की रिहाई का मुद्दा उठाया है।कांग्रेस सांसद ने अपने पत्र में लिखा, हम श्रीलंकाई राष्टपति की भारत की पहली आधिकारिक यात्रा की मेजबानी करने की तैयारी कर रहे हैं, मैं भारत सरकार से अनुरोध करता हूं कि वह गलती से अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा (आईएमबीएल) पार करने वाले भारतीय मछुआरों के मुद्दे को उठाएं और उनकी जल्द रिहाई सुनिश्चित करें।

## राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ने तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन के निधन पर शोक व्यक्त किया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को विश्व विख्यात तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन के निधन पर शोक व्यक्त किया और तबले को वैश्विक मंच पर ले जाने में जाकिर हुसैन के योगदान को याद करते हुए उन्हें सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बताया। राष्ट्रपति ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, तबला के जादूगर उस्ताद जाकिर हुसैन का निधन संगीत जगत के लिए बहुत बड़ी क्षति है। वे अपनी असाधारण रचनात्मकता और आविष्कारशीलता के लिए जाने जाते थे। उन्होंने दुनिया भर के संगीत प्रेमियों की कई पीढ़ियों को मंत्रमुग्ध किया। वे भारत और पश्चिम की




संगीत परंपराओं के बीच एक सेतु थे। मुझे उन्हें पद्म विभूषण से सम्मानित करने का सौभाग्य मिला। मैं उनके परिवार के सदस्यों और उनके अनगिनत प्रशंसकों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं। उपराष्ट्रपति ने एक्स पर लिखा, दिग्गज तबला वादक पद्म विभूषण उस्ताद जाकिर हुसैन जी के निधन की खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। भारतीय शास्त्रीय संगीत को वैश्विक मंच पर ले जाने वाले प्रसिद्ध तबला वादक जाकिर हुसैन जी अपने पीछे एक समृद्ध विरासत और भारत के सांस्कृतिक परिदृश्य पर एक अमिट छाप छोड़ गए हैं। उनकी अद्वितीय कला हमेशा हमारे दिलों में गूंजती रहेगी। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा, महान तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन के निधन से बहुत दुखी हूं। उन्हें एक सच्चे प्रतिभाशाली व्यक्ति के रूप में याद किया जाएगा जिन्होंने भारतीय शास्त्रीय संगीत की दुनिया में क्रांति ला दी। वह तबले को वैश्विक मंच पर भी ले गये और अपनी अद्वितीय लय से लाखों लोगों को मंत्रमुग्ध किया। इसके माध्यम से, उन्होंने भारतीय शास्त्रीय परंपराओं को वैश्विक संगीत के साथ सहजता से मिश्रित किया, इस प्रकार वे सांस्कृतिक एकता के प्रतीक बन गए। उनके प्रतिष्ठित प्रदर्शन और भावपूर्ण रचनाएं संगीतकारों और संगीत प्रेमियों की पीढ़ियों को प्रेरित करने में योगदान देंगी। उनके परिवार, दोस्तों और वैश्विक संगीत समुदाय के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं हैं।

## विधानसभा लोकतंत्र का पवित्र मंदिर, दर्शक दीर्घा इसका फर्स्ट इंप्रेशनः सीएम योगी

**एजेंसी**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश विधान सभा की नवीनीकृत दर्शक दीर्घा का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने इसे समस्त विधानसभा सदस्यों और प्रदेश की 25 करोड़ जनता को समर्पित करते हुए कहा कि विधानसभा प्रदेश के समस्त नागरिकों के लिए लोकतंत्र का आधार है। यह लोकतंत्र का पवित्र मंदिर है। इस पवित्र मंदिर में जब कोई आए तो उसका फर्स्ट इंप्रेशन यहां की दर्शक दीर्घा के माध्यम से ही पड़े। यह सिर्फ सत्ता पक्ष ही नहीं, बल्कि विपक्ष के लिए भी प्रसन्नता का क्षण होना चाहिए, क्योंकि आप सभी की संस्तुति पर ही दर्शक दीर्घा के सुंदरीकरण का यह कार्यक्रम संपन्न हुआ है। दर्शक दीर्घा के



उद्घाटन के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने मुख्यमंत्री समेत मंच पर उपस्थित सभी मंत्रियों एवं नेता विपक्ष को मूल संविधान की एक-एक प्रति भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विधानसभा द्वारा प्रकाशित दो पुस्तकों का भी विमोचन किया। इन पुस्तकों में देश की आजादी से लेकर अब तक मुख्यमंत्री और नेता विपक्ष की संपूर्ण जानकारी दी गई है। सीएम योगी ने कहा कि लोकतंत्र के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में विधायिका का महत्वपूर्ण स्थान है। विधायिका एक प्रकार से मार्गदर्शिका है। सभी माननीय सदस्य न केवल विधायिका से जुड़ते हैं, बल्कि यह उन्हें विकास की, जनहित से जुड़े मुद्दों को उठाने का भी एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराता है। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष जा का भी अभिनंदन करूंगा, जिन्होंने पौने तीन वर्ष के इस कार्यकाल में उत्तर प्रदेश की विधानसभा को न केवल लोकतंत्र के सशक्त स्तंभ के रूप में, बल्कि आधुनिकता के साथ जोड़ने का भी काम किया है। ये गौरव, देश की सबसे बड़ी विधानसभा को जाता है जिसने ई विधान लागू किया है। आज आप देख सकते हैं कि आपके सामने ई विधान किस रूप से सफलतापूर्वक लागू हो सकता है।

## संभल के खग्गू सराय में 46 साल बाद खुले मंदिर के कुएं में निकलीं देव मूर्तिया

**एजेंसी**

**संभल।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में 46 साल से बंद पड़े 400 साल पुराने कार्तिक शंकर मंदिर को प्रशासन ने खुलवाया। इस ऐतिहासिक मंदिर में प्राचीन शिवलिंग के साथ हनुमान जी की मूर्ति और एक कुआं भी मिला है। हाल ही में इस कुएं की खुदाई के दौरान मां पार्वती, गणेश और कार्तिकेय की तीन मूर्तियां बरामद की गईं।

**15 दिसंबर को पुनः शुरू हुई पूजा-अर्चना**

मंदिर को 1978 में हुए सांप्रदायिक दंगों के बाद बंद कर दिया गया था। 46 साल बाद प्रशासन ने मंदिर की साफ-सफाई करवाई और 15 दिसंबर को विधि-विधान और मंत्रोच्चारण के साथ यहां पूजा-अर्चना की गई।



**मूर्ति और खुदाई पर प्रशासन का बयान**

डिप्टी एसपी अनुज चौधरी ने बताया कि मंदिर के कुएं की खुदाई के दौरान तीन मूर्तियां मिली हैं, जिनमें मां पार्वती, गणेश जी और कार्तिकेय जी की प्रतिमाएं शामिल हैं। इनमें से एक मूर्ति संगमरमर की है, जो कार्तिकेय जी की प्रतीत होती है। हालांकि, अन्य दो मूर्तियां खंडित अवस्था में मिलीं। प्रशासन ने कुएं की खुदाई का काम फिलहाल बंद कर दिया है और उसे ढक दिया गया है। मूर्तियों की प्रामाणिकता और उम्र का निर्धारण करने के लिए कार्बन डेटिंग की जाएगी।यह प्राचीन मंदिर लगभग 400 साल पुराना है और स्थानीय लोगों में इसे ÷कार्तिक शंकर मंदिर÷ के नाम से जाना जाता है। 82 वर्षीय विष्णु शरण रस्तोगी ने बताया कि उनके परिवार के करीब 40 से 42 घर इस इलाके में खग्गू सराय में स्थित थे।

## कोचिंग संस्थान में हुई दुर्घटना चिंताजनक-गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने कल रात जयपुर में एक कोचिंग संस्थान में हुई दुर्घटना को चिंताजनक बताते हुए कहा है कि राज्य सरकार को कोचिंग संस्थानों के उचित प्रबंधन के लिए बनाई गाइडलाइंस पालन कराया जाना चाहिए। श्री गहलोत ने सोमवार को सोशल मीडिया पर कहा कि यह वर्तमान राज्य सरकार की जिम्मेदारी है कि कोचिंग संस्थानों के उचित प्रबंधन के लिए बनाई गाइडलाइंस को लागू करें एवं अविलंब सुनिश्चित करे कि सारे कोचिंग संस्थान पिछली सरकार द्वारा बनाए गए कोचिंग हब में शिफ्ट किए जाएं।

## बांग्लादेश जेल में बंद सन्यासी चिन्मय कृष्ण दास के वकील रवींद्र इलाज के लिए कोलकाता पहुंचे

**एजेंसी**

**कोलकाता।** बांग्लादेश के इस्कॉन सन्यासी चिन्मय कृष्ण दास के लिए पैरवी करने वाले प्रमुख अधिवक्ता रवींद्र घोष इलाज के लिए कोलकाता के निकट बैरकपुर पहुंचे हैं। उनके पुत्र राहुल घोष ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। अधिवक्ता रवींद्र घोष अपनी पत्नी के साथ रविवार शाम भारत पहुंचे और उत्तर 24 परगना जिले के बैरकपुर में रह रहे अपने पुत्र के घर पर ठहरे हुए हैं। राहुल घोष ने बताया, मेरे पिता तीन साल पहले एक दुर्घटना का शिकार हुए थे और इलाज के लिए वे अक्सर भारत आते रहते हैं।राहुल ने अपने पिता की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई और उनसे कुछ समय तक भारत में ही रहने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा, मैंने उनसे निवेदन किया है कि वे फिलहाल बांग्लादेश न लौटें और हमारे साथ यहां रहें। लेकिन वे दृढ़ हैं और चिन्मय दास प्रभु के केस की लड़ाई जारी रखने के लिए वापस जाना चाहते हैं। हमें उनकी सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता है। राहुल, जो भारत में ही पले-बढ़े हैं, बैरकपुर में अपनी पत्नी और बच्चों के साथ रहते हैं। बांग्लादेश के सम्मिलित सनातनी जागरण जोट के प्रवक्ता चिन्मय कृष्ण दास को इस महीने की शुरुआत में ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया गया था। वे चटगांव में एक रैली में शामिल होने जा रहे थे। अदालत ने उन्हें जमानत देने से इनकार करते हुए दो जनवरी तक जेल भेज दिया। रवींद्र घोष, जो चिन्मय दास प्रभु के लिए पैरवी कर रहे हैं, उन्होंने पहले ही स्वीकार किया था कि इस मामले में उनका जीवन खतरे में है। उन्होंने कहा था, चिन्मय दास प्रभु की पैरवी करने के कारण मुझ पर झूठे केस दर्ज किए जा सकते हैं और मेरे जीवन को खतरा है।

## श्रीलंका के राष्ट्रपति दिसानायके को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** श्रीलंका के राष्टपति अनुरा कुमारा दिसानायके अपने भारत दौरे के दूसरे दिन आज सुबह राष्टपति भवन पहुंचे। राष्टपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनकी अगवानी की। उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इससे पहले राष्टपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। भारत की राष्टपति द्रौपदी मुर्मु के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर इससे संबंधित वीडियो साझा किया गया है। श्रीलंका के राष्टपति अनुरा कुमार दिसानायके की सितंबर में शीर्ष पद संभालने के बाद उनकी पहली विदेश यात्रा है। वह तीन दिवसीय दौरे पर कल भारत पहुंचे। उन्होंने विदेशमंत्री एस जयशंकर और राष्टीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ चर्चा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ आज उनकी व्यापक वार्ता होनी है। श्रीलंका के राष्टपति का दिल्ली में एक व्यावसायिक आयोजन में हिस्सा लेने और बोधगया जाने का कार्यक्रम है।

## जब संविधान लागू हुआ तब आरएसएस ने किया था विरोध, ऐसे लोग आज हमें पाठ पढ़ा रहे हैं : मल्लिकार्जुन खड़गे

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** भारतीय संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ पर राज्यसभा में बोलते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि जो लोग राष्टीय ध्वज और संविधान का अपमान करते हैं, वो हमें संविधान का पाठ पढ़ा रहे हैं।

राज्यसभा नेता प्रतिपक्ष खड़गे ने अपने संबोधन में कहा, 1949 में आरएसएस नेताओं ने भारत के संविधान का विरोध किया क्योंकि यह मनुस्मृति पर आधारित नहीं था। न तो उन्होंने संविधान को स्वीकार किया और न ही तिरंगे को स्वीकार किया। 26 जनवरी 2002 को पहली बार मजबूरी में आरएसएस मुख्यालय पर तिरंगा फहराया गया था क्योंकि अदालत का आदेश था। उन्होंने कहा कि जो लोग राष्टीय ध्वज का अपमान करते हैं, संविधान का अपमान करते हैं, जिस दिन संविधान लागू हुआ उस दिन इन्होंने महात्मा गांधी और भीमराव अंबेडकर का पुतला जलाया, अब वो लोग हमें संविधान का पाठ पढ़ा रहे हैं। जो देश के लिए लड़े नहीं, वो आजादी और संविधान का



महत्व क्या समझेंगे। संविधान सभा की बहसों से यह स्पष्ट है कि आरएसएस के तत्कालीन नेता संविधान के खिलाफ थे। जो लोग झंडे, अशोक चक्र और संविधान से नफरत करते थे, वे आज हमें संविधान का पाठ पढ़ा रहे हैं। ऐसे लोग अब देश के लिए जान देने वालों के खिलाफ बोलते हैं। मल्लिकार्जुन खड़गे ने बांग्लादेश की आजादी का जिक्र करते हुए इंदिरा गांधी को याद किया। उन्होंने कहा कि आज 16 दिसंबर है, जो बांग्लादेश का लिबरेशन डे है। हमारी बहादुर नेता इंदिरा गांधी ने पाकिस्तान के दो टुकड़े करके बांग्लादेश बनाया था और देश की शान पूरी दुनिया में बढ़ाई थी। आयरन लेडी रही इंदिरा गांधी ने ऐसा करके दिखा दिया था कि हमारे देश के नजदीक जो भी आएगा, उसकी खैर नहीं। लेकिन आज बांग्लादेश के जैसे हालात हैं, सरकार के लोग उसे आंख खोल कर देखें और वहां के अल्पसंख्यकों को बचाने का प्रयास करें। संविधान पर बहस के दौरान राज्यसभा में बोलते हुए खड़गे ने जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी का नाम लेकर निर्मला सीतारमण और भाजपा नेताओं पर तंज कसा। उन्होंने कहा, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण काफी पढ़ी हैं, अर्थशास्त्र की अच्छी जानकार हैं क्योंकि वह जेएनयू से पढ़ी हैं।

## छत्तीसगढ़ के बालोद में सड़क हादसा, छह लोगों की मौत, सात की हालत गंभीर

**एजेंसी**

**रायपुर/बालोद।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में आधीरात बड़ा सड़क हादसा हुआ है। एक तेज रफ्तार ट्रक और कार की टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई।

इनमें एक एक बच्चा, चार महिलाएं और एक पुरुष शामिल है। सात लोग घायल हुए हैं। उनकी हालत गंभीर है। यह हादसा डौंडीथाना क्षेत्र के ग्राम चोरहापड़ाव के पास हुआ।इस संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक जोशी ने बताया कि कार सवार लोग नामकरण संस्कार (छठी ) कार्यक्रम में शामिल होने के बाद रविवार देररात डौंडी से गुरेदा लौट रहे थे। इसी दौरान डौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम चोरहापड़ाव के पास कार (सीजी04एलडी8049) को दल्लीराजहरा से भानुप्रतापपुर की तरफ जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। मृतकों की पहचान दुर्पत प्रजापति (30) पिता पूना राम (30) ग्राम गुरेदा (गुंडरदेही), सुमित्रा बाई कुम्भकार (50) पति स्वर्गीय कार्तिक राम निवासी घोराड़ी महासमुंद, मनीषा कुम्भकार (35) पति विश्वनाथ ग्राम घोराड़ी महासमुंद, सगुन बाई कुंभकार (50) ग्राम कुम्हारपारा कवर्धा, ईमला बाई पति (55) रेवा राम सिन्हा ग्राम गुरेदा (गुंडरदेही) एवं जिग्नेश कुम्भकार (7) पिता प्रीतम कुम्भकार निवासी ग्राम गुरेदा (गुंडरदेही) के रूप में हुई है। पुलिस फरार ट्रक चालक की तलाश कर रही है।

## योगी सरकार के दिव्य, भव्य, स्वच्छ और नव्य कुम्भ के मुरीद हुए विदेश से आए संत

**एजेंसी**

**प्रयागराज।** प्रयागराज महाकुम्भ के आयोजन के पहले महाकुम्भ नगर में देश के कोने कोने से आए साधुओं के अलावा विदेश से भी साधु संतों के आने का सिलसिला तेज होता जा रहा है। अखाड़ों की धर्म ध्वजा, नगर प्रवेश और कुम्भ छावनी प्रवेश यात्रा की परंपरा में महाकुंभ पहुंचे इन विदेशी साधु संतों को भी महाकुम्भ की नव्य व्यवस्था रास आ रही है। प्रयागराज महाकुम्भ के आयोजन की तिथि जैसे



जैसे निकट आ रही है महाकुंभ क्षेत्र के अखाड़ा सेक्टर में साधु संतों की मौजूदगी बढ़ती जा रही है। देश विदेश से साधु संतो की आवक होने लगी है। श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े की छावनी प्रवेश यात्रा में शामिल होने आए विदेशी संतों को महाकुम्भ रास आ रहा है। जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर सोम गिरी उर्फ पायलट बाबा की जापानी शिष्या योग माता एवं महामंडलेश्वर केको कई जापानी साध्वी के साथ छावनी प्रवेश में शामिल हुईं। उनका कहना है कि जूना अखाड़े की छावनी प्रवेश यात्रा से आगामी महाकुंभ के आयोजन का अंदाजा लगने लगा है। एयर कनेक्टिविटी से लेकर ट्रांसपोर्टेशन की व्यवस्था अच्छी है। नेपाल से आई महिला संत और जूना अखाड़े की महामंडलेश्वर हेमा नन्द गिरी का कहना है कि संतों का सौभाग्य है कि जिस प्रदेश में महाकुम्भ का आयोजन हो रहा है, वहां के मुख्यमंत्री भी एक संत हैं। योगी जी की तरफ से जिस तरह भव्य और दिव्य महाकुम्भ के आयोजन का संकल्प लेकर आयोजना की तैयारियां चल रही हैं उससे सनातन धर्म का प्रचार प्रसार नेपाल सहित दुनिया के विभिन्न देशों में अब तेजी से हो रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### अमन ग्रुप की बैठक ब्राम्बे में, कमिटी का विस्तार किया गया




**सामाजिक सुधार होगी प्राथमिकता: हकीम अंसारी**

**मांडर**- अमन ग्रुप वेल्फेयर ट्रस्ट की बैठक रविवार को ब्राम्बे में किया गया। इसमें कमिटी का पुनर्गठन और विस्तार पर चर्चा की गई। कमेटी का पुनर्गठन करते हुए सदर पद के लिए पुनः अत्ताउल्लाह अंसारी को, सचिव अमन राज , कोषाध्यक्ष युसुफ अंसारी, महासचिव शमी अंसारी, कार्यकारी अध्यक्ष बबलू अंसारी, प्रवक्ता मोहसिन खान को बनाया गया। साथ ही कमेटी में छः छः उप सदर और उपसचिव भी बनाया गया। 10 लोगों की संरक्षक मंडली बनाई गई जिसमें मुख्य संरक्षक हकीम अंसारी, शमीम बाड़ेहार, नुरुल्लाह हबीब नदवी, मुस्लिम अंसारी, इफतेखार खान, शामी खान, जमील अख्तर, अजीज अंसारी, आजम अंसारी, नासिर अंसारी को बनाया गया। मौके पर बोलते हुए संरक्षक नुरूल्लाह हबीब नदवी ने कहा कि आज हमारे समाज में जो कुरीतियां व्याप्त है उसे दूर करने की सख्त जरूरत है। वही संरक्षक शमीम बाड़ेहार ने कहा कि हमें सभी समाज के लिए काम करना है और जो भी बुराइयां है उसे मिलजुल कर खत्म करना है। साथ ही कमिटी का विस्तार करना है। इससे पहले सचिव अमन राज ने ट्रस्ट की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बतलाया। कार्यक्रम में दर्जनों लोगों ने ग्रुप की सदस्यता ली। कार्यक्रम को मोहसिन खान, नासिर अंसारी, जमील अख्तर , सलामत अंसारी ने अपने विचार रखा। कार्यक्रम की सदारत अत्ताउल्ला अंसारी ने किया। संचालन शमीम बाड़ेहार ने किया। मौके पर संरक्षक हकीम अंसारी, सचिव अमन राज,मो शमी, अजीज अन्सारी समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

### बांस हस्तशिल्पकारों का 25 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



**कोडरमा, विजय यादव,**

उद्योग विभाग, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास के कोडरमा द्वारा सोसायटी फॉर रूरल एंड एजुकेशन एडवांसमेंट के संयुक्त तत्वावधान चंदवारा प्रखंड के भोंडो गांव में विशेष घटक योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति बांस हस्तशिल्प कारों के विकास के लिए 25 दिवसीय हस्तशिल्पकार प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया । प्रशिक्षण के मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के अघनु उरांव, हजारीबाग से आए प्रशिक्षण एजेंसी सोसायटी फॉर रूरल एंड एजुकेशन एडवांसमेंट के रामनाथ महली, प्रखंड समन्वयक उद्यमी समन्वयक अभिषेक कुमार एवं भोंडो पंचायत के मुखिया कोयल देवी मौजुद रहे। इस अवसर पर जिला उद्यमी समन्वयक अघनु उरांव ने कहा कि शिल्पकारों को आधुनिकी सामग्री बनाने की प्रशिक्षण दी जाएगी ताकि इससे जुड़े क्षेत्र में काम करने वाले की आर्थिक विकास हो सके। संचालन और ज्ञापन समन्वयक प्रखंड उद्यमी समन्वयक अभिषेक कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान ममता देवी, दुलारी देवी, नगिया देवी, शांति देवी, पुनिया देवी, किशिला देवी, रेखा देवी, जमुनी देवी, रानी देवी, सोनिया देवी,पूनम देवी, रेखा देवी, उर्मिला देवी, ललिता देवी, कोलेशरी देवी, सुनिता देवी और शांति देवी एवं अन्य लोग उपस्थित रहे। पंचायत के मुखिया द्वारा लाभुको को सही समय पर नियमित तरीके से आकर प्रशिक्षण लेने के लिए एवं अपने रोजगार को बढ़ाने के लिए निर्देश दिया गया।

### बिंडोमोह बिरहोर टोला में स्वास्थ्य शिविर का होगा आयोजन




**कोडरमा,विजय यादव**

नवलशाही अंतर्गत बिंडोमोह बिरहोर टोला में हेल्थ समस्या को लेकर जिला प्रशासन कोडरमा को सूचना प्राप्त हुआ। प्राप्त सूचना के आधार पर कोडरमा उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देशानुसार आज ल्परउ नवलशाही अंतर्गत बिंडोमोह बिरहोर टोला में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। स्वास्थ्य शिविर को लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी मरकच्चो को आवश्यक कार्रवाई व तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया। स्वास्थ्य शिविर के मेडिकल टीम का गठन किया है। जिसमें डॉ. दिनेश कुमार प्रसाद चिकित्सा पदाधिकारी (फ्इरङ), सीएचओ सादिया आजीम, एएनएम रिधम कुमारी वदयामन्ती कुमारी प्रयोगशाला प्रावैधिक गौरीशंकर सिंह और एम्बुलेंस चालक सोनू कुमार सिंह शामिल हैं। स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सुबह 08:00 अट बजे किया जायेगा।

### प्रवासी मजदूर की वर्ली में ग्राइंडर मशीन से कटकर मौत, झारखंडी एकता संघ ने शव को गांव भिजवाया

**संवाददाता: बरकट्ठा**


बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम किमानिया निवासी प्रवासी मजदूर सुरज यादव 19 वर्ष पिता स्व नारायण यादव की वर्ली मुम्बई में मौत हो गई। सुरज यादव वर्ली मुम्बई के एक होटल में काम करता था। काम करने के दौरान 14 दिसंबर को मसाला पिसते समय उसका हाथ ग्राइंडर मशीन में फंस कर शरीर को खींच लिया। जिससे वह काफी गंभीर रूप से घायल हो गया था। सुरज की केईएम अस्पताल मुम्बई में इलाज के लिए ले जाया गया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसकी सूचना ग्राम किमानिया निवासी सुदामा चौधरी ने झारखंडी एकता संघ के राष्ट्रीय सचिव विनोद प्रसाद को दिया। रविवार 15 दिसंबर की सुबह विनोद प्रसाद झारखंडी एकता संघ की टीम के साथ अस्पताल पहुंचे। जहां कागजी प्रक्रिया कराकर और लोगों से सहयोग राशि एकत्रित कर मृतक के शव को हवाई जहाज से रांची भिजवाया। बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने मृतक का शव रांची एयरपोर्ट से पैतृक गांव किमानिया भेजवाने में सहयोग किया।

# डीपीएस में वार्षिक खेलकूद स्पोर्टसो-विटा -24 सप्ताह का हुआ भव्य आगाज

**रिपोर्ट- अविनाश मंडल**

पाकुड़:पाकुड़ डीपीएस विद्यालय में सोमवार को एक सप्ताह चलने वाले 'स्पोर्टसोविटा -24' खेल समारोह के सुबह की शुरूआत क्रॉस कंट्री रेस से हुई। खेल समारोह का आगाज विद्यालय के निदेशक महोदय एवं मुख्य अतिथि अरुणेंद्र कुमार द्वारा प्रज्वलित क्रीडा मसाल (जो सद्भाव और सद्भावना तथा खेलों के आदर्शों का प्रतिनिधित्व करता है ) को क्लस्टर -कक्क 2024 बैडमिंटन जूनियर वर्ग की स्वर्ण पदक विजेता परिधि कुमारी,समृद्धि कुमारी और खेल कैप्टन कामरान अकमल को सौपने के साथ हुआ, तत्पश्चात विद्यालय के निदेशक महोदय , प्रधानाचार्य जे के शर्मा, कोर मेंबर नेहा चक्रवर्ती तथा अन्य गणमान्य अतिथियों ने सामूहिक रूप दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

एनसीसी कैडेट के अगुवाई में चारों सदनों द्वारा प्रस्तुत कदमताल ने अद्भुत समा बांध दिया। इस अवसर पर कक्षा प्रथम से लेकर द्वितीय एवं तृतीय



के विद्यार्थियों द्वारा पोम पोम तथा डंबल के साथ किए गए नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। विद्यालय के निदेशक अरुणेंद्र कुमार ने अपने प्रेरक भाषण में सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए समस्त खिलाड़ियों को जीत-हार की भावना से ऊपर उठकर पवित्र खेल भावना से खेलने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में धैर्य के साथ अनवरत प्रयास करते रहने के लिए विद्यार्थियों का आह्वान किया।विद्यालय के प्रधानाचार्य

जे के शर्मा ने विद्यालय की वार्षिक खेल रिपोर्ट को प्रस्तुत करते हुए बताया कि डीपीएस पाकुड़ के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने अपने जिले,राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न खेलों में पदक जीतकर कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए समस्त विद्यार्थियों को खेलों में उत्साह पूर्वक भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। एक सप्ताह तक चलने वाले खेल के 'स्पोट्र्ओ विटा -24' कार्यक्रम के पहले दिन कक्षा नर्सरी से पंचाम तक के बच्चों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिता जैसे म्यूजिकल चेयर ब्रस्टिंग द बैलून, बैलेंस द बुक आदि में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया.

## संविधान रक्षक अभियान की सफल क्रियान्वयन हेतु कांग्रेस की हुई बैठक

**रिपोर्ट- अविनाश मंडल**

पाकुड़:ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी की ओर से 26 नवंबर 2024 से देशव्यापी चलाई जा रही संविधान रक्षक अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण बैठक पाकुड़ स्थित कांग्रेस कार्यालय में आयोजित हुई। जिसमें झारखण्ड विधानसभा आम निर्वाचन- 2024 में सर्वाधिक मतों से विजयी रही विधायिका निसात अलम ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित किया। बैठक के दौरान नव निर्वाचित विधायिका निसात आलम ने उपस्थित कांग्रेस जनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस की ओर से 26 नवंबर 2024 से 26 दिसंबर 2024 तक चलाई जा रही देशव्यापी संविधान रक्षक अभियान में अपनी सुनिश्चित करने की अपील किया। जिससे इस अभियान की सफल अवयवों को दशार्या जा सके। उन्होंने संविधान की मूल भूमिका पर प्रकाश भी डाले। साथ ही उन्होंने कहा कि यह संविधान ही है जो हमें परिपूर्ण सक्षम बनाने की विचारधाराओं को समायोजित करता है। उन्होंने कहा कि संविधान के कारण ही हमारा देश की मूल ढांचा सुरक्षित है । कहा बाबा भीमराव अंबेडकर के द्वारा बनाये गये संविधान ही देश के हर नागरिकों को अपनी अधिकार के लिए अपनी आवाज बुलंद करने की शक्ति प्रदान करता है। संविधान हमें समानता का ही नहीं बल्कि शिक्षा व ताकत भी देती है। साथ ही देश को आगे ले जाने का महत्वपूर्ण गाइडलाइन का मार्ग दर्शक का भी पहचान देता है। मौके पर जिला अध्यक्ष श्रीकुमार सरकार, प्रखंड अध्यक्ष मानसरुल हक, जिला प्रवक्ता मुख्तार हुसैन, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष शाहीन परवेज, ए गांगुली, विधायक प्रतिनिधि देबू विश्वास,पप्पू गंगवानी,रामविलास महतो, कृष्ण यादव,नगर अध्यक्ष बंसराज गोप, होबि सेख,नोजरुल सेख,मिजार्हान विश्वास,मुखिया मोजीबूर रहमान, काबिबूर रहामान,शहनाज बेगम सहित आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आयोजित केंद्रीय प्रायोजित राष्ट्रीय कृषि विकास योजनाअंतर्गत रेनफेड एरिया डेवलपमेंट की बैठक संपन्न

**दिव्य दिनकर:संवाददाता**

चतरा। समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में आयोजित केंद्रीय प्रायोजित राष्ट्रीय कृषि विकास योजनाअंतर्गत रेनफेड एरिया डेवलपमेंट की बैठक की गई बैठक में अनुमण्डल कृषि पदाधिकारी चतरा द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में केन्द्रीय प्रायोजित राष्ट्रीय कृषि विकास योजनाअंतर्गत रेनफेड एरिया डेवलपमेंट योजनान्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों के विभिन्न अवयव का विवरण प्रस्तुत किया गया। अनुमण्डल कृषि पदाधिकारी चतरा द्वारा जिला मिशन समिति के सदस्यों के समक्ष वित्तीय वर्ष 2024-25 में केन्दीय प्रायोजित राष्ट्रीय कृषि विकास योजनाअंतर्गत रेनफेड एरिया डेवलपमेंट उपयोजना से संबंधित राज्यादेश, आवंटनादेश तथा कृषि निदेशालय झारखंड, राँची के आदेश के बारे में बताया गया। अनुमण्डल कृषि पदाधिकारी चतरा द्वारा बताया गया कि दिनांक 21 मार्च 2024 को मुख्य सचिव, झारखंड की अध्यक्षता में समेकित वार्षिक कार्य योजना के स्वीकृति हेतु राज्य स्तरीय संचालन समिति (एसएलएससी) की बैठक की गयी जिसमें प्रस्ताव संख्या 3बी के तहत रेनफेड एरिया डेवलपमेंट (आरएडी) की स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही निदेश दिया गया कि रेनफेड एरिया डेवलपमेंट (आरएडी) योजनान्तर्गत पशुपालन, गव्य, उद्यान, सिंचाई एवं मत्स्य के कार्यो के साथ



कड़ी स्थापित कर अभिसरण (Linkage & Convergence)) करते हुए कलस्टर को प्रभावशाली बनाया जाय । योजना का क्रियान्वयन हेतु एसएलएससी की बैठक में चतरा जिले के ग्राम-गेरी, अंबादोहर, पंचायत - आरा, प्रखण्ड - चतरा तथा ग्राम-पांती, लरसर, पंचायतझउरैली, प्रखण्ड - हंटरगंज को संकुल के रूप में चयन किया गया। भारत सरकार द्वारा रेनफेड एरिया डेवलपमेंट (आरएडी) योजना के कार्यान्वयन हेतु मार्गदर्शिका निर्गत किया गया है, जिसके आलोक में योजना के कार्यान्वयन हेतु वार्षिक कार्य योजना में भौतिक लक्ष्य प्रस्तुत की गई यथा चतरा एवं हंटरगंज प्रखण्ड क्षेत्र में 375 हेक्टेयर में योजना के क्रियान्वयन हेतु लक्ष्य आवंटित है। उपायुक्त ने गंभीरता से अनुमंडल कृषि पदाधिकारी को सुन कर निर्देशित करते हुए कहा समेकित कृषि प्रणाली, मधुमक्खी पालन, बर्मा बेड (एच डी पी ई) अवयव करें।

**क्या है राष्ट्रीय कृषि विकास योजना व रेनफेड एरिया डेवलपमेंट**

रेनफेड एरिया डेवलपमेंट यानी वर्षा आधारित क्षेत्र विकास (आरएडी) योजना, वर्षा आधारित क्षेत्रों के विकास के लिए शुरू की गई एक योजना है. इस योजना को साल 2014-15 में शुरू किया गया था। इस योजना का मकसद, क्षेत्र आधारित दृष्टिकोण को अपनाकर उत्पादकता बढ़ाना और जलवायु परिवर्तन से जुड़े जोखिमों को कम करना है. इसके लिए, एकीकृत कृषि प्रणाली (आईएफएस) पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) को कृषि और सहकारिता विभाग (डीएसी), कृषि मंत्रालय, भारत सरकार ने 2007-08 में शुरू किया था. इस्का मकसद, कृषि क्षेत्र में वार्षिक वृद्धि दर को बढ़ाना और कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के समग्र विकास को सुनिश्चित करना है. इस योजना के तहत, कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में निवेश को बढ़ावा दिया जाता है। उक्त बैठक में अपर समाहर्ता चतरा अरविंद कुमार, वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी, वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, परियोजना निदेशक आत्मा समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी कर्मी उपस्थित थे।

## गयपहाड़ी पैक्स में धान अधिप्राप्ति केंद्र का विधायक अमित यादव ने किया उदघाटन



**संवाददाता बरकट्ठा**

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र के ग्राम गयपहाड़ी पैक्स में धान अधिप्राप्ति केंद्र का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव एवं मुखिया कलावती देवी ने धान क्रय केंद्र का उदघाटन किया। मौके पर प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, पैक्स अध्यक्ष शिव कुमार मौजूद थे। विधायक अमित यादव ने कहा की क्रय केंद्र खुलने से किसानों को 24 सौ रुपये क्विंटल धान का मूल्य मिलेगा। धान क्रय केंद्र के खुल जाने से अब किसानों को उत्पादित धान गांव में ही बेचने की सहूलियत होगी। शिव कुमार ने बताया कि धान बेचने के 48 घंटे में किसानों को 50 प्रतिशत की राशि मिलेगी। साथ ही आधा राशि एक से दो माह के अंदर भुगतान कर दिया जाएगा। इस अवसर पर पंसस प्रतिनिधि छोटेलाल मेहता, बेड़ोकला भाजपा मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद अनिल आजाद, पूर्व पंसस महेंद्र प्रसाद, सिकंदर कुमार, चुगलामो पैक्स अध्यक्ष तुलसी चौधरी, इंद्रदेव यादव समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के लिए परीक्षा केंद्रों एवं मूल्यांकन केंद्रों के चयन से संबंधित बैठक



**दिव्य दिनकर:संवाददाता**

चतरा ।समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के लिए परीक्षा केंद्रों एवं मूल्यांकन केंद्रों के चयन से संबंधित बैठक की गई ।मैट्रिक वार्षिक परीक्षा के लिए संभावित परीक्षार्थी 19071

छात्र-छात्रायें सम्मिलित होंगे जिसके लिए 48 विद्यालयों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। इण्टरमीडिएट कला, विज्ञान एवं वाणिज्य परीक्षा 2025 के लिए संभावित परीक्षार्थी 13144 छात्र-छात्रायें सम्मिलित होंगे जिसके लिए 29 विद्यालयों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। उक्त बैठक में विधायक चतरा विधानसभा क्षेत्र जनार्दन पासवान,सांसद चतरा लोकसभा क्षेत्र के प्रतिनिधि, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चतरा,जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# बेहतर ग्राहक इंटरफेस की दिशा में पू. सी. रेलवे द्वारा माल ढुलाई संचालन का निरंतर हो रहा विस्तार

मालीगांव, पूर्वोत्तर सीमा रेलवे (पू. सी. रेलवे) बेहतर ग्राहक इंटरफेस प्रदान करने के लिए जोन के अधीन और उसके बाहर माल ढुलाई प्रणाली में सुधार हेतु कई पहल कर रही है। ऐसी पहलों को कई स्टेशनों में शुरू करते हुए उन स्टेशनों को आवक एवं जावक दोनों प्रकार के माल परिवहन की हैंडलिंग के लिए सुसज्जित किए गए हैं, ताकि ग्राहकों द्वारा विभिन्न वस्तुओं के लिए सुगम और व्यवहार्य परिवहन को सुविधाजनक बनाया जा सके।

ग्राहक इंटरफेस में सुधार और माल राजस्व बढ़ाने के लिए, पू. सी. रेलवे अभिनव उपायों और विस्तारित संचालन के माध्यम से अपने माल परिवहन नेटवर्क को निरंतर मजबूत कर रही है। एक उल्लेखनीय पहल के तहत, चावल की एक खेप को नवंबर, 2024 के दौरान पश्चिम बंगाल के तूफानगंज रेलवे स्टेशन से त्रिपुरा के जिरनीया रेलवे स्टेशन तक सफलतापूर्वक पहुंचाया गया। मेसर्स तूफानगंज एग्रो इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड ने 'मिनी रेक डिमांड' योजना के तहत साधारण चावल के रेक को भेजा। लेन-देन का भुगतान ऑनलाइन किया गया, जो ग्राहकों की सुविधा बढ़ाने के लिए भारतीय रेल की डिजिटल भुगतान प्रणालियों को अपनाये जाने को परिलक्षित करती है। ट्रकों से सीधे माल लोड करने से लेकर खेप के वजन और मात्रा की सावधानीपूर्वक प्रबंधन तक की पूरी प्रक्रिया,




विश्वसनीय, पारदर्शी और उच्च गुणवत्ता वाली रेलवे माल ढुलाई सेवाएं प्रदान करने की इसकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। शिपमेंट में उच्चतम संरक्षा मानकों का पालन किया गया तथा फिटनेस एवं जलरोधी स्थिति सुनिश्चित करने के लिए वैगनों का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया, जिससे रेलवे की माल परिवहन प्रणाली देश में माल परिवहन के सबसे किफायती और सबसे तेज साधनों में से एक बन गई।

एक अन्य माइलस्टोन में, पहली बार पू. सी. रेलवे ने बिन्नागुड़ी रेलवे स्टेशन से पश्चिम बंगाल के एसएसपीएल साइडिंग तक के लिए क्वार्टजाइट परिवहन शुरू की। इस नई पहल से प्रति रेक 40 लाख रुपये का अनुमानित राजस्व उत्पन्न होने की उम्मीद है, जिससे आर्थिक विकास के नए मार्ग खुलेंगे और माल संचालन को बढ़ावा देने के लिए जोन की प्रतिबद्धता को और अधिक मजबूत किया जा सकेगा।

ये पहल आधुनिक फ्रेट लॉजिस्टिक और निर्बाध परिवहन समाधान प्रदान के पू. सी. रेलवे के अथक प्रयास को रेखांकित करती है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि रेलवे देश भर के व्यवसायों के लिए एक विश्वसनीय और पसंदीदा साझेदार है। यह क्षेत्र के अधीन फ्रेट कनेक्टिविटी में सुधार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो रेलवे की बढ़ी हुई दक्षता और ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण को दशार्ता है।

# बाबा विश्वनाथ मैरेज हॉल में भव्य भागवत कथा आयोजन का शुभारंभ : श्रद्धालु करेंगे शिरकत

**गया से अमरेंद्र कुमार दिव्य दिनकर के लिए.**

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भागवत कथा सह ज्ञान यज्ञ का आयोजन बिट्रिज बायो रेमेडीज के मैनेजिंग डायरेक्टर निखिल कुमार , बिट्रिज बायो रेमेडीज के सीनियर मार्केटिंग एक्सक्यूटिव शशांक खिलौशकर, मार्केटिंग एक्सक्यूटिव शैलेश कुमार,शिवम् कुमार विट्रीज बायो रेमेडीज के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर के वरीय सदस्य एवं शिक्षक नीरज कुमार,सहयोगी शिवजी कुमार शेरघाटी के देख रेख में इस बार भी भागवत कथा आयोजित होने जा रहा है। इस कथा कार्यक्रम के सह व्यवस्थापक तथा बाबा विश्वनाथ मैरेज हॉल के संस्थापक रणवीर सिंह, एवं प्रोपराइटर रोहित सिंह, कुंवर प्रताप सिंह द्वारा भी इस कथा कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाया जा रहा है ताकि इस कथा कार्यक्रम को सुचारू और निर्विघ्न रूप से संपन्न करवाया



जा सके। इस सप्तदिवशीय कथा का आयोजन गया डेलहा स्थित बाबा विश्वनाथ मैरेज हॉल में कतराशीन वैष्णव मठ के धमार्चार्य एवं कई बार राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित धर्म गुरु श्री श्री 10008 श्री स्वामी..श्री रामप्रपणा चार्य महाराज जी के मुखार बृंद से श्री मद भागवत महा पुराण ज्ञान यज्ञ का सप्रसंग प्रवचन का आयोजन किया गया है,जो सात दिनों तक निरंतर प्रवाचित होगा अतः आयोजक मंडल द्वारा सभी भागवत प्रेमियों,भागवत भक्त जन,सनातनी देवियों एवं सज्जनों से निवेदन है कि दिनांक 17/12/24 से 23/12/24 तक इस भागवत कथा सह ज्ञान यज्ञ में सम्मिलित होकर कथा ब्यास से प्रतिदिन संध्या 6 बजे प्रसारित होने वाला इस भागवत कथा का रसास्वादन अवश्य करें और पुण्य की भागी बनें। कार्यक्रम के मुख्य वास्तुकार तथा कर्ताधर्ता निखिल कुमार तथा रोहित सिंह ने समस्त डेलहा एवं गया शहर वासियों से आग्रह किया है कि इस कथा में स्वयं भी आएं साथ ही साथ में अपने सगे संबंधियों, पड़ोसीयों, मित्रों एवं अपने अपने बच्चे बेटियों को भी लाएं,ताकि उनमें सनातन संस्कार जागृत हो और वे सभी देश ,समाज के सुशभ्य,सुसंस्कृत सुशिक्षित नागरिक तथा धर्म रक्षक बन सकें।

## कोडरमा प्रखंड के पथलडीहा पंचायत में धान क्रय केंद्र का उद्घाटन



**कोडरमा**

विजय यादव, कोडरमा प्रखंड के पथलडीहा पंचायत में पेक्स भवन में धान क्रय केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम में पंचायत मुखिया बैजंती देवी, जिला परिषद सदस्य लक्ष्मण यादव, पंचायत सचिव अजय कुमार साव, और समाजसेवी मिथलेश सिंह, शंभू सिंह, महेंद्र यादव सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रमुख लोगों ने धान क्रय केंद्र की महत्ता पर जोर देते हुए इसे किसानों के लिए लाभकारी बताया। मुखिया प्रतिनिधि सदानंद यादव, भोला साव, राजेंद्र यादव, बालेश्वर यादव और धनेश्वर साव ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान किसानों को उचित मूल्य पर धान विक्रय की सुविधा मिलने पर खुशी जताई गई।

## संक्षिप्त समाचार

### न्यायाधीश के साथ उपायुक्त, एसएसपी ने किया धनबाद मंडल कारा का निरीक्षण

_पांच बुजुर्ग बंदी हुए चिन्हित_




**धनबाद** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) श्री वीरेंद्र कुमार तिवारी, उपायुक्त सह उपाध्यक्ष डालसा सुश्री माधवी मिश्रा, एसएसपी सह सदस्य डालसा श्री हदीप पी जनार्दनन, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी श्रीमती आरती माला, अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा श्री राकेश रोशन, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी श्री हेमंत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता सह प्रभारी जेल अधीक्षक श्री विनोद कुमार, सिटी एसपी श्री अजीत कुमार, डीएसपी विधि व्यवस्था श्री नौशाद आलम व एलएडीसीएस की टीम ने सोमवार की संध्या मंडल कारा का औचक निरीक्षण किया।

निरक्षण के दौरान टीम ने पांच ऐसे बंदियों को चिह्वित किया, जिनकी उम्र 70 वर्ष है। वहीं दो ऐसे बंदी भी मिले जिन्हें गंभीर बीमारी है। न्यायाधीश श्री तिवारी के नेतृत्व में टीम ने कारागार के हर हिस्से का मुआयना किया। न्यायाधीश ने चिह्वित किए गए बंदियों को मुक्त कराने के लिए समुचित कार्रवाई का निर्देश दिया। इसके बाद टीम ने बंदियों से उनके स्वास्थ्य, इलाज, पेयजल, नास्ता, भोजन व मुकदमे में पैरवी के लिए अधिवक्ता होने अथवा न होने की जानकारी ली।

कारागार अस्पताल में निरुद्ध बीमार बंदियों के बेहतर इलाज के लिए उन्हें उच्च स्वास्थ्य सेंटर भेजने का निर्देश मंडल कारा चिकित्सक को दिया। वहीं टीम ने चिकित्सा सुविधा, पुस्तकालय, रसोई घर, वहां तैयार हो रहे भोजन, व्यवसायिक प्रशिक्षण केंद्र तथा ध्यान-सह-योग केंद्र में सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने बंदियों से बातचीत की और उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। न्यायाधीश ने बंदियों को जेल मैनुअल के तहत मिलने वाली सारी सुविधाएं उपलब्ध कराने का आदेश जेल प्रशासन को दिया। इस मौके पर मंडल कारा के चिकित्सक डॉ राजीव कुमार सिंह, एलएडीसीएस चीफ कुमार विमलेंदु, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक कांउसिल शैलेन्द्र झा, सुमन पाठक, नीरज गोयल, कन्हैया लाल ठाकुर, स्वाति, मुस्कान, सिविल कोर्ट के सहायक अरुण कुमार, राजेश सिंह, संतोष कुमार सहित मंडल कारा के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।


### सरस्वती विद्या मंदिर सिनीडीह में मनाया गया विजय दिवस




#### अपने देश की सुरक्षा सेना का प्रथम लक्ष्य सुभाष सोरेन

मधुबन थाना क्षेत्र सरस्वती विद्या मंदिर सिनीडीह में विजय दिवस धूमधाम से मनाया गया । कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि थल सेना के जवान सुभाष सोरेन एवं प्रधानाचार्य राकेश सिन्हा के कर-कमलों से दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अतिथि परिचय आचार्य अनूप कुमार पांडेय ने कराया। मंच संचालन आचार्य धर्मेंद्र तिवारी ने किया। कार्यक्रम की प्रस्तावना को प्रस्तुत करते हुए आचार्य श्री विश्वनाथ दास ने कहा कि विजय दिवस भारतीय सेनाओं का गौरव का दिवस है। विद्यालय के भैया- बहनों ने भी विजय दिवस पर अपना विचार प्रस्तुत किया। ज्योति प्रिया एवं यशराज ने देशभक्ति गीत गाकर जन-समूहों को भाव विभोर कर दिया। मुख्य अतिथि थल सेना के जवान सुभाष सोरेन ने कहा कि भारतीय सेना का एकमात्र लक्ष्य भारत की सुरक्षा है। अनुशासन के साथ सेवा का हर जवान देश की सेवा के लिए कश्मीर के लेह से लेकर तमिलनाडु के कन्याकुमारी तक , गुजरात से लेकर पूर्वी सीमांत प्रदेशों तक पूरी तत्परता के साथ देश सेवा में लगे रहते हैं। विद्यालय के भैया- बहनों को अनुशासन के साथ शिक्षा ग्रहण करना चाहिए। माता-पिता एवं गुरु का निरंतर सम्मान करना चाहिए। आपका ईमानदारी पूर्वक किया गया मेहनत आपकी सफलता का आधार बनेगा। प्रधानाचार्य राकेश सिन्हा ने अपने संबोधन के क्रम में कहा कि विजय दिवस हमारे लिए अत्यंत गौरव का दिवस है। भारतीय सेनाओं की एकता,अनुशासन एवं अदम्य साहस का प्रतिफल है कि पाकिस्तान की सेना हारी और विजयश्री भारत को मिली। भैया -बहनों को भी इससे प्रेरणा लेकर देशहित में कार्य करने का संकल्प के साथ आगे बढ़ना चाहिए। इस अवसर पर भारत कोकिंग कोल लिमिटेड गोविंदपुर क्षेत्र संख्या 3 द्वारा आयोजित विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं में सफल भैया -बहनों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी आचार्य -दीदी, कर्मचारी बंधु -भगिनी की सक्रिय भागीदारी रही। आचार्य अजय कुमार पांडेय ने धन्यवाद ज्ञापन कराया। इसके उपरांत कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### धनबाद के तीरंदाजी कोच मोहम्मद शमशाद बने झारखंड कोचस कमिटी के संरक्षक




झारखंड में तीरंदाजी खेल के इंडियन राउंड स्पर्धा को बढ़ावा देने और सभी जिलों में इंडियन राउंड के खिलाड़ियों के लिए ज्यादा से ज्यादा प्रतियोगिता का आयोजन करवा कर उनके प्रतिभा को उभारने का एक महत्वपूर्ण कार्य करने का निर्णय लिया गया ,इंडियन राउंड स्पर्धा को तीरंदाजी खेल का जननी कहा जाता है लगभग इस स्पर्धा के साथ ही झारखंड के ज्यादा खिलाड़ी अभ्यास करके उभर के सामने आते है परन्तु इंडियन राउंड की प्रतियोगिता कम होने से खिलाड़ी में निराशा देखने को मिलती है वहीं देश भर में रिकर्व,कंपाउंड के ज्यादा से ज्यादा प्रतियोगिता होती है जिसमें मुख्य रूप से अंतराष्ट्रीय,राष्ट्रीय प्रतियोगिता के साथ साथ नेशनल रैंकिंग टूनामेंट , विमेंस नेशनल रैंकिंग और इनडोर जैसे सालों भर प्रतियोगिता मिलती है वहीं इंडियन राउंड के झारखंड के खिलाड़ी वंचित रह जाते है

झारखंड के सभी कोचेस ने एक बैठक करके आपसी सहमति से यह निर्णय लिया गया कि अब नेशनल रैंकिंग टूनामेंट की तरह ही झारखंड के विभिन्न जिलों में प्राइज मनी टूनामेंट का आयोजन करके इसके बेहतरी का प्रयास किया जाएगा । संरक्षक बनने पर धनबाद जिला तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष विजय झा, सचिव जुबेर आलम, उपाध्यक्ष तारकनाथ, पूर्व तीरंदाज मोहम्मद कासिम , कोच नमिता टुडू कोच नाजिया परवीन कोच सुलेखा कुमारी एवं सभी खेल प्रेमियों ने बधाई दिया

# पत्थर कारोबारियों समेत पुलिस प्रशासनिक पदाधिकारियों की अटकी हुई हैं सांसें

## 13 फरवरी को होगी अगली सुनवाई

साहिबगंज : चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता सह पर्यावरण प्रेमी सैयद अरशद नसर द्वारा ऐतिहासिक राजमहल पहाड़ की हो रही अंधाधुंध अवैध खनन व स्टोन क्रशर पर रोक लगा कर राजमहल पहाड़ को बचाने व संवर्धन को लेकर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल इस्टर्न जोन कोलकाता में दायर याचिका संख्या ओए-23/2017 की सुनवाई बीते 10 दिसम्बर को पीठ के जुडिशियल मेंबर न्यायमुर्ति बी.अमित स्थलेकर व एक्सपर्ट मेंबर डा.अरुण कुमार वर्मा ने की.सुनवाई में याचिकाकर्ता अरशद नसर की तरफ से कोलकाता हाईकोर्ट की विद्वान अधिवक्ता पौशाली बनर्जी तथा झारखंड सरकार,केन्द्रीय प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड नई दिल्ली व झारखंड राज्य प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड रांची की ओर से सरकारी अधिवक्ता क्रमशःएश्वर्या राज्यश्री,कुमार अनुराग सिंह,सुरेंद्र कुमार,देव आर्यन व मुकेश कुमार उपस्थित थे.झारखंड राज्य प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से 34 पन्ने का शपथपत्र 9 दिसम्बर को एनजीटी में दाखिल किया.एनजीटी ने इसे रिकॉर्ड पर रखते हुए आदेश सुरक्षित रख लिया.सोमवार को एनजीटी का आदेश आया.झारखंड राज्य प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा एनजीटी को बताया की जिले के 203 पत्थर कारोबारियों पर एनजीटी के आदेश से 1 अरब 1 करोड़ 26 लाख 55 हजार 460 रुपए का पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति जुमार्ना लगाया गया था.12 पत्थर कारोबारियों पर लगे 3 करोड़ 26 लाख 32 हजार 810 रुपए के पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति जुमार्ना को माफ कर दिया.7 पत्थर कारोबारियों पर 1 करोड़ 68 लाख 32 हजार 32 रुपए के पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति जुमार्ना को संशोधित नहीं करने के चलते पुर्ण जुमार्ना राशि जमा कर दिया.61 पत्थर कारोबारियों ने पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति जुमार्ना राशि में संशोधन होने के पुर्व ही 6 करोड़ 22 लाख 29 हजार 77 रूपया जमा कर दिया.संशोधन के पश्चात इन 61 पत्थर कारोबारियों पर 5 करोड़ 84 लाख 36 हजार 814 रुपए का पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति जुमार्ना अधिरोपित किया.इस तरह 61 पत्थर कारोबारियों ने 37 लाख 92 हजार 263 रूपया अधिक जुमार्ना जमा कर दिया.40 पत्थर कारोबारियों पर पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति जुमार्ना राशि को संशोधित करते हुए 23 करोड़ 52 हजार 802 रुपए का जुमार्ना अधिरोपित किया.जिसमें 40 पत्थर कारोबारियों ने मात्र 2 करोड़ 8 लाख 52 हजार 937 रुपए जुमार्ना जमा किया.83 पत्थर कारोबारियों पर लगे पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति जुमार्ना राशि को संशोधित करते हुए 23 करोड़ 25 लाख 57 हजार 599 रुपए जुमार्ना अधिरोपित किया.जिसमें 83 पत्थर कारोबारियों ने कोई जुमार्ना राशि जमा नहीं किया.झारखंड राज्य प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड रांची ने एनजीटी को बताया कि 203 पत्थर कारोबारियों पर लगे पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति जुमार्ना राशि 1 अरब 1 करोड़ 26 लाख 55 हजार 460 रुपए को संशोधित करते हुए 52 करोड़ 10 लाख 47 हजार 216 रूपया जुमार्ना अधिरोपित किया.9 करोड़ 99 लाख 14 हजार 46 रूपया जुमार्ना वसुल हो चुका व 42 करोड़ 11 लाख 33 हजार 170 रूपया जुमार्ना वसुल होना बाकी है.बीते 03 दिसम्बर को झारखंड प्रदुषण बोर्ड मुख्यालय रांची व क्षेत्रीय प्रदुषण कार्यालय दुमका के सुचना पट्ट पर व समाचार पत्रों में नोटिस प्रकाशित कर 83 पत्थर कारोबारियों को एक सप्ताह के भीतर व 40 पत्थर कारोबारियों को एक माह के भीतर अधिरोपित पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति जुमार्ना राशि जमा करने को कहा गया है अन्यथा पत्थर कारोबारियों के इकाइयों के विरुद्ध जल (प्रदुषण निवारण एवं नियंत्रण)अधिनियम,1974 एवं वायु(प्रदुषण निवारण एवं नियंत्रण)अधिनियम,1981 के संबंधित धाराओं के अन्तर्गत बंदी आदेश निर्गत करने का अल्टीमेटम दिया गया है.सुनवाई के दौरान झारखंड राज्य प्रदुषण बोर्ड ने एनजीटी से आग्रह किया की पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति जुमार्ना राशि को सत्यापित व संशोधित किया गया है.इसे और स्पष्ट करने के लिए पुरक हलफनामा दायर करने की अनुमति एनजीटी से मांगा.जिसे स्वीकार करते हुए पुरक शपथपत्र दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय देते हुए एनजीटी ने इस मामले की अगली सुनवाई 13 फरवरी निर्धारित किया है.बताते चलें की एनजीटी ने जिले में संचालित अवैध खनन व स्टोन क्रशर पर पुर्ण रूप से रोक लगाने का आदेश पारित करते हुए जिले में हुए अवैध खनन व संचालित हुए अवैध स्टोन क्रशर के लिए राज्य सरकार को दोषी सरकारी पदाधिकारियों को चिन्हित कर एफआईआर दर्ज करने का भी आदेश बीते वर्ष पारित किया है. एनजीटी में ईडी ने जिले में हुए 1250 करोड़ से अधिक के अवैध खनन व परिवहन का किंगपिन राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को बताते हुए जांच जारी रहने का हलफनामा दाखिल किया है.एनजीटी ने झारखंड राज्य प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड के तत्कालीन सदस्य सचिव राजीव लोचन बक्शी को वर्ष 2022 में सदस्य सचिव के पद से हटाने का आदेश पारित किया था जिसके पश्चात सरकार ने इन्हें हटा दिया.बीते अक्टूबर माह में सरकार ने इन्हें पुनःझारखंड प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड का सदस्य सचिव बना दिया.एनजीटी ने वर्ष 2019 में जिले के तत्कालीन डीसी,एसपी व डीएमओ के खिलाफ पचास-पचास हजार रुपए का जमानती वारंट निर्गत करते हुए दो-दो लाख रुपये का जुमार्ना भी लगा चुका है व एनजीटी के आदेश से जिले के सैंकड़ों स्टोन माईंस व क्रशर पर पुलिस-प्रशासन का हथौड़ा चल चुका है.एनजीटी के कड़े रूख व तल्ख तेवर के चलते पुलिस-प्रशासनिक पदाधिकारियों समेत पत्थर कारोबारियों व माफियाओं की सांसें अटकी हुई है.अब सभी की नजरें झारखंड राज्य प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड के द्वारा होने वाली कार्रवाई व 13 फरवरी की सुनवाई पर टिक गईं है.

## साहिबगंज सिद्धों कान्हु सभागार में रबी कार्यशाला का आयोजन

**साहिबगंज:** सिद्धो कान्हू सभागार साहेबगंज में जिला स्तरीय रबी कार्यशाला का माननीय जिला परिषद अध्यक्षा मोनिका किस्कू एवं अपर समाहर्त्ता गौतम कुमार भगत द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी माननीय एवं पदाधिकारीगण का स्वागत प्रमोद एक्का, जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा किया गया ।इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी, साहेबगंज द्वारा विभाग में संचालित योजनाएं जैसेः- किसान समृद्धि योजना, मिट्टी नमूना संग्रह, बिरसा फसल विस्तार योजना, बीज विनिमय एवं वितरण योजना, झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, पी0 एम0 किसान योजना, लीफ कलर चार्ट योजना, बीज परीक्षण आदि योजनाओं के बारे में किसानों को जानकारी दी गई ।पावर प्वांइट प्रजेंटेशन के द्वारा शून्य बजट प्राकृतिक खेती के बारे में किसानों को अवगत कराया गया ।




मुख्य अतिथि द्वारा अधिक-से-अधिक किसानों को सरकार की योजनाओं से जोड़ने का निर्देश दिया गया । सभी किसानों का मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना का लाभ देने हेतु मिट्टी नमूना संग्रह करने पर जो दिया गया । अपर समाहर्त्ता गौतम कुमार भगत द्वारा धान अधिप्राप्ति योजना अन्तर्गत 15000 नये किसानों का निबंधन ई-उर्पाजन पोर्टल पर कराने पर बल दिया गया ।ज्ञात हो कि लैम्पस/ पैक्स के माध्यम से रुपए 2400 प्रति क्वींटल की दर से कुल 200000 (दो लाख) क्वींटल धान क्रय किया जा रहा है । डी0डी0एम0, नाबार्ड, साहेबगंज द्वारा बताया गया कि ग्रुप या एफ0पी0ओ0 बनाकर बैंकों से लोन प्राप्त कर सकते है । एल0डी0एम0, साहिबगंज द्वारा बताया गया कि कृषि ऋण माफी योजना के तहत दो लाख रुपए तक लोन माफ करने का सरकार द्वारा आदेश प्राप्त है। अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारियों के द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई । इस कार्यशाला में मुख्य रूप से डा0 माया कुमारी, डा0 विरेन्द्र कुमार मेहता, कृषि वैज्ञानिक, अमितेष रंजन, जिला उद्यान पदाधिकारी अरूण कुमार भोगता, जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी राम प्रकाश कुमार, जिला कृषि अभियंता, अभिजीत शर्मा, सहायक मिट्टी रसायनज्ञ मंटू कुमार, उप परियोजना निदेषक आत्मा श्री कंचन कुमार सुमन, प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक आत्मा अजय कुमार पुरी, प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, राजमहल के साथ-साथ सभी प्रखण्ड के प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक सहायक तकनीकी प्रबंधक,जनसेवक, कृषक मित्र, किसान उपस्थित हुए।

## दीपक ने 100 प्रतिशत अंकों के साथ पास किया वर्ल्ड एथलेटिक्स का द्वारा आयोजित लेवल 2 का कोच की परीक्षा जर्मनी के कोच गुंटर लांगे द्वारा दिया गया प्रशिक्षण

**देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा**

*अध्यक्ष जिला एथलेटिक्स संघ डॉ सुनील खवाड़े*: यह देवघर के लिए काफी गर्व का विषय है दीपक के द्वारा जिला के खिलाड़ियों को नया अंतराष्ट्रीय स्तर का तकनीक सीखने को मौका मिलेगा, जिससे हमारे खिलाड़ियों में निखार आएगा और हमारे जिला के खिलाड़ी का राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व बढ़ेगा। *आशीष झा सचिव जिला खेल प्राधिकरण* : दीपक शुरू से काफी प्रतिभावान खिलाड़ी रहे है और अब कोच के रूप में अपना परचम लहराया है। जिला एथलेटिक्स संघ से आग्रह होगा देवघर जिला में काफी प्रतिभा है , एक ऐसा टैलेंट हंट प्रोग्राम तैयार करें की ग्रामीण इलाके में छुपे प्रतिभा सामने आ सके।




खेलो इंडिया सेंटर कुमैठा देवघर के प्रशिक्षक दीपक कुमार ने नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान, पटियाला, पंजाब में 10 से 15 दिसंबर 2024 तक अयोजित वर्ल्ड एथलेटिक्स उएउर लेवल 2 ( ट्र्ीि & छङ्गल्लॅ ऊर३ल्लॣ ) कोचिंग कोर्स पास किया यह पूरा कोर्स जर्मनी के कोच गुंटर लांगे- द्वारा प्रशिक्षण दिया गया, -दीपक कुमार ने सभी विषयों में 100 प्रतिशत मार्क्स लाकर लेवल 3 के लिए क्वालिफाई किया,वही बताते चले की लेवल 3 की पढ़ाई विदेश में होती है ।उम्मीद है 2025-26 में इसकी परीक्षा होगी, इस सफलता के लिए जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष डॉ सुनील खवाड़े , जिला ओलंपिक संघ के सचिव चन्दना झा, जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव मनोज मिश्र, जिला प्राधिकरण के सचिव आशीष झा , जिला ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष नवीन शर्मा,रवि केशरी, सुरेश शाह, कोच आलोक राठौर , नीतीश सिंह, बंटी नन्दन सिंह, लाली , प्रभाकर शांडिल्य, आशीष दुबे, गौरव, चंदन , रजनी, कैफ इत्यादि ने बधाई दी।

## हिंदी विद्यापीठ में व्यवस्थापक के निधन पर शोक सभा आयोजित

**देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा**

देवघर 16 दिसंबरः हिंदी विद्यापीठ के व्यवस्थापक, बीएड कॉलेज के चेयरमैन व तक्षशिला विद्यापीठ के एमडी पूर्व मंत्री डॉ. कृष्णानंद झा के निधन हो जाने के कारण विद्यापीठ परिसर स्थित तीनो संस्थानों में सोमवार को तीन दिनों के लिए अवकाश की घोषणा की गई। इससे पूर्व साढ़े 10 बजे हिंदी विद्यापीठ परिसर में तीनों संस्थानों के कुलसचिव व प्राचार्य समेत सभी कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने अपने अभिभावक स्व.झा के तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर संस्था के कुलसचिव कौशल किशोर ठाकुर, डॉ. संजय कुमार खवाड़े, हिन्दीविद्यापीठ बीएड कॉलेज की प्राचार्या डॉ. आशा मिश्रा, उप प्राचार्या डा. रीतू रानी तथा तक्षशिला विद्यापीठ के प्रभारी प्राचार्य श्री शुभरो भट्टाचार्य ने तस्वीर पर माल्यार्पण किया। इसके पश्चात सभी कर्मचारीगण तथा छात्र-छात्राओं ने अपने संस्थान प्रमुख की दिवंगत आत्मा की शांतिके लिए प्रार्थना की। इस बीच सबों ने दो मिनट का मौन



धारण कर स्व.झा की आत्मा को शांति प्रदान करने की ईश्वर से कामना की। इस अवसर पर संस्थान के मीडिया प्रभारी शम्भू सहाय, साहित्य प्रेस प्रबंधक हिमांशु झा, कार्यालय अधीक्षक संजय कुमार व पंकज कुमार सिन्हा समेत सैकड़ों कर्मचारी व छात्र-छात्राएं मौजूद थी। शोकसभा के अंत मे कुलसचिव श्री ठाकुर ने विद्यापीठ द्वारा संचालित तीनो संस्थान में तीन दिनों की अवकाश की घोषणा किया।

## केंद्रीय कारा देवघर में एनसीडी कार्यक्रम अंतर्गत राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा**

डॉ युगल किशोर चौधरी, सिविल सर्जन, देवघर के निदेर्शानुसार जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी, डॉ मनोज कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में केन्द्रीय कारा, देवघर में एन०सी०डी० कार्यक्रम अंतर्गत रास्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया` उक्त कार्यक्रम में केन्द्रीय कारा के कैदियों एवं कर्मियों के लिए एक मानसिक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमे मानसिक रोग जैसे झ अवसाद, तनाव एवं चिंता से निपटने के लिए विस्तृत जानकारी दी गई उक्त कार्यक्रम की सुरुवात अधीक्षक, केन्द्रीय कारा, देवघर के द्वारा मानसिक स्वास्थ्य के बारे में उचित मार्गदर्शन एवं दिशानिर्देश दिया गया ।

वहीं मौके पर उपस्थित डॉ मनोज कुमार गुप्ता एवं डॉ राजीव रंजन राज ने बताया की सक्रिय रहना जितना शरीर के लिए अच्छा है उतना ही मस्तिष्क के लिए अच्छा है । नियमित व्यायाम या गतिविधि आपके मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य पर बड़ा प्रभाव डाल सकती है और तनाव को दूर कर सकती है । साथ ही बताया गया कि यदि आपको कोई चिंता, तनाव या परेशानी है, तो उसे किसी ऐसे व्यक्ति के साथ साझा करना जो आपकी परवाह करता हो, आपके तंत्रिका तंत्र को शांत करने और तनाव दूर करने के सबसे प्रभावी तरीकों में से एक है। और इसके विपरीत कभी-कभी दूसरों को सुरक्षित और समर्थित तरीके से सुनना आपको व्यापक दृष्टिकोण विकसित करने में मदद कर सकता है । यह महत्वपूर्ण है कि दोनों पक्ष एक-दूसरे के विचारों को साझा करने और सुनने में सहज महसूस करें । उक्त कार्यक्रम में अधीक्षक, केन्द्रीय कारा, देवघर, रवि चन्द्र मुर्मू (डी०पी०ए०) , एम डी शरीफ (पी०एस०डब्ल्यू०) एवं अन्य उपस्थित थे ।

## पुस्तक मेला समिति के सदस्यों द्वारा किया गया सारठ के नव निर्वाचित विधायक उदय शंकर सिंह उर्फ चुन्ना सिंह का नागरिक अभिनंदन

**देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा**

देवघर.स्थानीय दून पब्लिक स्कूल जो कि नंदन पहाड़ के नजदीक स्थित है वहां पे सारठ के नव निर्वाचित विधायक उदय शंकर सिंह उर्फ चुन्ना सिंह का नागरिक अभिनंदन स्कूल के निर्देशक सर्वेश्वर प्रसाद सिंह के मार्ग दर्शन और पुस्तक मेला संयोजक डॉ सुभाष चंद्र राय के नेतृत्व में किया गया।।साथ हीं 11 जनवरी 2025 से 21 जनवरी 2025 तक चलने वाले पुस्तक मेला के लिए आमंत्रण पत्र और रश्मि रथी पुस्तक के साथ साथ समारिक भी भेट स्वरूप दिया।।साथ हीं पुस्तक मेला के संरक्षक के तौर पे दायित्व निभाने का आग्रह भी किया गया जिसे सहर्ष स्वीकारते हुए चुन्ना सिंह ने कहा कि ऐसे नेक कार्य के लिए दायित्व जो समिति ने दिया है उसे बखूबी निभाने का प्रयास पहले भी किया था और आगे भी बढ़ चढ़ कर करूंगा ।इससे पहले सर्वेश्वर प्रसाद सिंह के द्वारा सर्व प्रथम पुष्प गुच्छ देकर उनका सम्मान किया गया ।इसके उपरांत समिति के मेला प्रभारी आलोक मल्लिक सह मेला प्रभारी दीपक कुमार,बीरेंद्र सिंह,डॉ विजय शंकर,राजेश कुमार, राकेश राय,राम किशोर,अंजनी किशोर,जिम्मी,अभिषेक सूर्या,अंजनी सिंह, के द्वारा विधायक जी को माला और पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया ।समिति के संयोजक डॉ सुभाष चंद्र राय ने विधायक महोदय के तारीफ में कहा कि पुस्तक मेला के शुरूआत दौर से हीं उनका सहयोग मिलता रहा है उनके द्वारा दिए गए सम्मान की प्रशंसा भी किए। ।जाने माने उद्घोषक राम सेवक सिंह गुंजन ने कहा कि विधायक जी हर एक जनता के हित के लिए 24 घंटे खड़े रहते है जो इनके शान में चार चांद लगा देता है। ।बीरेंद्र सिंह ने समापन भाषण देते हुए कहा कि विधायक महोदय जनता के लिए सदा विधायक हीं रहे क्यों की जनता के समस्या के समाधान के लिए इनका जज्बा हीं इनको जनता ने आज फिर से सर्टिफिकेट के साथ पुनः विधायक बनाया ।। विधायक चुन्ना सिंह ने समिति के लोगों को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके इस सम्मान से अपने को इतना उजार्वान महसूस कर रहा हूं जैसे 60 वाट के ट्रांसफार्मर में 200 वाट का पावर आ गया और समिति द्वारा चलाए जा रहे इस नेक कार्य में कोई कमी ना आए इसके लिए सदा तैयार रहेंगे। ।इस मौके पे समिति के करीब 50 से 60 लोग मौजूद थे।।

## फाइलेरिया से ग्रसित लिंफोडेमा के रोगियों को एमएमडीपी किट एवं फाइलेरिया चप्पल निःशुल्क विवरण कैंप आयोजित

**देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा**

जिला भीबीडी पदाधिकारी डॉ अभय कुमार यादव के निदेर्शानुसार देवघर जिला शहरी क्षेत्र अंतर्गत के विभिन्न वार्डों में फाइलेरिया से ग्रसित लिंफोडेमा के रोगियों को उनके प्रभावित अंगों की देखभाल एवं साफ सफाई हेतु रूग्णता प्रबंधन एवं विकलांगता रोकथाम (एमएमडीपी) किट सहित एमसीआर फाइलेरिया चप्पल का लाभूकों के बीच निःशुल्क वितरण जिला भीबीडी सलाहकार डॉ गणेश कुमार के द्वारा जिला भीबीडी कार्यालय, सिविल सर्जन एवं नया सदर अस्पताल, देवघर के सामने परिसर में किया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग, देवघर द्वारा आजतक कुल 26 लिंफोडेमा के रोगियों को एमएमडीपी किट सहित एमसीआर फाइलेरिया चप्पल निःशुल्क विवरण किया है। किट वितरण के साथ इन्हें इसका उपयोग करने की विधि, अपने प्रभावित अंगों की देखभाल करने के विभिन्न तरीकों के साथ उचित व्यायाम करने के लिए भी आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया और बताया गया कि इसका नियमित रूप से प्रतिदिन सुबह एवं शाम में उपयोग करना हितकारी होगा। क्योंकि इस किट के उपयोग करने से इनके प्रभावित अंगों में होने वाली तकलीफों के साथ अपंगता के स्टेज में वृद्धि को रोका जा सकेगा। इसके साथ ही इन्हें मच्छरों के काटने से अपने-आपको बचाने के लिए हमेशा मच्छरदानी लगाकर सोनें, पूरे बदन के कपड़े पहनने के साथ-साथ अपने घर तथा आसपास में गंदगी व जल जमाव नहीं करने के साथ ही प्रत्येक सप्ताह अपने घर तथा आसपास में सूखा दिवस मनाने के लिए भी प्रेरित किया गया। इनसे अपील किया कि अपने आस-पास के फाइलेरिया से ग्रसित रोगियों को भी इसका लाभ लेने हेतु ज्यादा से ज्यादा रोगियों को कार्यालय भेजें। कार्ययोजना के अनुसार एमएमडीपी सह फाइलेरिया चप्पल का निःशुल्क वितरण 20 दिसंबर 2024 तक किया जाना है। आवश्यकतानुसार फाइलेरिया रोगी अपने समस्याओं के समाधान हेतु कार्यालय अवधि में श्री राकेश कुमार, एमपीडब्ल्यू के मोबाइल संख्या +918862978667 में पर संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

इधर फाइलेरिया उन्मूलन के उद्देश्य से सदर अस्पताल में हाइड्रोसील ऑपरेशन मेगा कैंप का लाभ उठाने हेतु आजतक कुल 22 मरीजों ने अपना निबंधन करा लिया है, जिसका सभी तरह का आवश्यक जांच आदि कराते हुए कल से आपरेशन करने की तैयारी किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला भीबीडी पदाधिकारी डॉ अभय कुमार यादव, उपाधीक्षक, सदर अस्पताल , देवघर डॉ प्रभात रंजन, जिला भीबीडी सलाहकार डॉ गणेश कुमार के साथ कांग्रेस मंडल, डीईओ, राकेश कुमार एमपीडब्ल्यू, नितीश कुमार एमपीडब्ल्यू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## राजस्व शाखा से संबंधित कार्यों की समीक्षात्मक बैठक संपन्न

**साहिबगंजः** प्रशासक नगर परिषद अभिषेक कुमार सिंह की अध्यक्षता में नगर परिषद कार्यालय में राजस्व शाखा से संबंधित कार्यों की। समीक्षात्मक बैठक की गई।

बैठक में तहसीलदार एवं कर दरोगा को निर्देश दिया गया कि वह अपने वार्ड में भ्रमण करते हुए बिल्डिंग मटेरियल कंस्ट्रक्शन, (उ&ऊ) बोरिंग से संबंधित को रसीद काटना सुनिश्चित करें। सिटी मैनेजर को निर्देश दिया गया है कि टाउन में प्रचार- प्रसार करते हुए मोक्ष वाहन, पानी टंकी, सेप्टिक टैंक क्लीनर किसी को भी आवश्यकता हो तो कार्यालय में आवेदन देते हुए निर्धारित शुल्क जमा करें ।नगर परिषद क्षेत्र में जितने भी बकाया होल्डिंग धारक के उसे निर्देश दिया जाता है कि 31 दिसंबर, 2024 तक अपना बकाया होल्डिंग राशि अपना नगर परिषद कार्यालय की जन सुविधा केंद्र में जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

# महिलाओं पर तालिबान और हिंदुत्ववादी राष्ट्रवाद की कैसी राय?

## >> विचार

> **जिहाद शब्द का इस्तेमाल मुस्लिम अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने के लिए किया जा रहा है। लव जिहाद से शुरूहोकर कोरोना जिहाद, लैंड जिहाद, यूपीएससी जिहाद आदि की बातें की जा रही हैं। यह सही है कि मुसलमानों को निशाना बनाने के अलावा भारत में धार्मिक कट्टरतावाद के अन्य लक्षण उतने स्पष्ट नहीं दिखलाई दे रहे हैं। मगर उनके अस्तित्व से इंकार नहीं किया जा सकता। जहां तक महिलाओं का प्रश्न है, सती प्रथा पर प्रतिबंध लगाया जा चुका है। देश में सती की आखिरी घटना 1980 के दशक का रूपकुंवर कांड था। लेकिन फिर भंवरी देवी मामले में ऊंची जाति के बलात्कारी को अदालत ने यह कहते हुए बरी कर दिया कि भला कोई ऊंची जाति का व्यक्ति नीची जाति की महिला से बलात्कार कैसे कर सकता है।**

**राम पुनियानी**

तवलीन सिंह एक जानी-मानी स्तंभ लेखक हैं। गत 8 दिसंबर 2024 को द इंडियन एक्सप्रेस में प्रकाशित उनके कॉलम में उन्होंने अफगानिस्तान में महिलाओं के चिकित्सा विज्ञान पढ़ने पर प्रतिबंध की चर्चा की है। यह प्रतिगामी कदम उठाने के लिए उन्होंने अफगानिस्तान की तालिबान सरकार की बहुत तीखे शब्दों में आलोचना की है और यह ठीक भी है। इसी स्तंभ में उन्होंने यह भी लिखा है कि वामपंथी-उदारवादी तालिबान के प्रति सहानुभूति का रूख रखते हैं। यह कहना मुश्किल है कि उदारवादी-वामपंथियों के तालिबान और ईरान (जहां के शासकों की भी महिलाओं के बारे में वैसी ही सोच है) के प्रति रूख के बारे में तवलीन सिंह की टिप्पणी कितनी सही है। तवलीन सिंह ने उन लोगों की भी आलोचना की है जो हिन्दू राष्ट्रवादियों की नीतियों और कार्यक्रमों की तुलना तालिबान से करते हैं। हिन्दू राष्ट्रवादियों और तालिबान की नीतियाँ और कार्यक्रमों में परिमाण या स्तर का फर्क हो सकता है, मगर दोनों में मूलभूत समानताएँ हैं। तालिबान, खाड़ी के कई देशों और ईरान की महिलाओं के प्रति दृष्टिकोण एक-दूसरे से मिलते-जुलते हैं परंतु एकदम एक समान नहीं हैं। बल्कि किन्हीं भी दो देशों की नीतियां एकदम एक-सी नहीं हो सकतीं। परंतु सैद्धांतिक स्तर पर हम उनमें समानताएं ढूंढ सकते हैं। इन देशों में धार्मिक कट्टरता में बढ़ोत्तरी की शुरुआत 1980 के दशक में ईरान में अयातुल्लाह खुमैनी के सत्ता में आने के साथ हुई। खुमैनी ने ईरान का सामाजिक-राजनैतिक परिदृश्य पूरी तरह से बदल दिया। धार्मिक कट्टरता से क्या आशय है? धार्मिक कट्टरता से आशय है चुनिंदा धार्मिक परंपराओं को राज्य की सत्ता का उपयोग कर समाज पर जबरदस्ती लादना। कई बार यह काम सरकार की बजाए वर्चस्वशाली राजनैतिक ताक़तों द्वारा किया जाता है। जो परंपराएं लादी जाती हैं वे अक्सर प्रतिगामी, दकियानूसी और दमनकारी होती हैं। इस दमन का शिकार महिलाओं के साथ-साथ समाज के अन्य कमजोर वर्ग भी होते हैं। धार्मिक कट्टरता स्वयं को मज़बूत करने के लिए हमेशा एक भीतरी या बाहरी दुश्मन की तलाश में रहती है। अधिकांश खाड़ी के देशों में निशाने पर महिलाएं हैं। कई देशों में "शैतान अमेरिका" दुश्मन के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। जो भी दुश्मन चुना जाता है, समाज और देश की सारी समस्याओं के लिए उसे ही दोषी ठहरा दिया जाता है। जर्मनी में जन्मे फासीवाद और धार्मिक कट्टरतावाद में यह एक समानता है। जर्मनी में देश की सारी समस्याओं के लिए यहूदियों को जिम्मेदार ठहरा दिया गया और उनके खिलाफ नफरत इस हद तक पैदा कर दी गई कि जर्मनी के लोग यहूदियों के कत्लेआम को भी नजरअंदाज करने लगे। और यह सब केवल सवोच्च नेता की सत्ता को मजबूती देने के लिए किया गया था। फासीवाद और धार्मिक कट्टरतावाद में एक और समानता है- महिलाओं के प्रति उनका दृष्टिकोण। फासीवादी जर्मनी में कहा जाता था कि महिलाओं की भूमिका रसोईघर, चर्च और बच्चों तक सीमित है। दूसरे देशों में भी धार्मिक कट्टरतावाद, महिलाओं पर कुछ इसी तरह के प्रतिबंध लगाता है। हिन्दू राष्ट्रवादियों के निशाने पर मुसलमान और कुछ समय से ईसाई भी हैं। हमने पिछले कुछ दशकों में साम्प्रदायिक हिंसा को भयावह ढंग से बढ़ते देखा है। साम्प्रदायिक हिंसा का परिमाण भी बढ़ा है और उसके तौर-तरीके अधिक व्यापक और ख़तरनाक बन गए हैं। पहले अयोध्या में एक मस्जिद को ढहाने का भयावह कृत्य किया गया। उसके बाद जमकर खून-खराबा हुआ और अब हर मस्जिद के नीचे मंदिर ढूंढा जा रहा है। इसके अलावा गाय और गौमांस के मुद्दे पर लिंचिंग हो रही है और गौरक्षकों की पूरी एक सेना खड़ी हो चुकी है। ''जिहाद' शब्द का इस्तेमाल मुस्लिम अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने के लिए किया जा रहा है। लव जिहाद से शुरू होकर कोरोना जिहाद, लैंड जिहाद, यूपीएससी जिहाद आदि की बातें की जा रही हैं। यह सही है कि मुसलमानों को निशाना बनाने के अलावा भारत में धार्मिक कट्टरतावाद के अन्य लक्षण उतने स्पष्ट नहीं दिखलाई दे रहे हैं। मगर उनके अस्तित्व से इंकार नहीं किया जा सकता। जहां तक महिलाओं का प्रश्न है, सती प्रथा पर प्रतिबंध लगाया जा चुका है। देश में सती की आखिरी घटना 1980 के दशक का रूपकुंवर कांड था। लेकिन फिर भंवरी देवी मामले में ऊंची जाति के बलात्कारी को अदालत ने यह कहते हुए बरी कर दिया कि भला कोई ऊंची जाति का व्यक्ति नीची जाति की महिला से बलात्कार कैसे कर सकता है। यह मानसिकता जाति प्रथा से उपजी है। हिंदू राष्ट्रवादी नीतियों को बारीकी से देखने पर यह समझ में आता है कि वे मूलतः महिला विरोधी हैं। जैसे लव जिहाद की अवधारणा को लें। यह परिवार के पुरूष सदस्यों को 'उनकी' महिलाओं और लड़कियों पर नजर रखने का एक बहाना देता है। जो लोग लव जिहाद का विरोध करते हैं वे ही लड़कियों को जींस नहीं पहनने देना चाहते। हिंदू राष्ट्रवादियों के हिंसा के प्रति दृष्टिकोण की झलक हमें बिलकिस बानो मामले से मिलती है। इस मामले में बलात्कार और हत्या के दोषियों का जेल से रिहा होने पर स्वागत किया गया था। यह अच्छा है कि अदालत ने उन्हें वापिस जेल भेज दिया। गोवा की एक महिला प्रोफेसर, जिसने मंगलसूत्र की तुलना जंजीर से की थी, को गाली-गलौच का सामना करना पड़ा।' मनुस्मृति' को आदर्श बताया जाता है।



तवलीन सिंह हिंदू राष्ट्रवादियों के हमलों को हिंदू धार्मिकता बताती हैं। यह एकदम गलत है। उन्होंने स्वयं जय श्रीराम न कहने पर तीन मुसलमानों की चप्पलों से पिटाई का उदाहरण दिया है। क्या यह धार्मिकता है? ऐसी घटनाओं को 'धार्मिकता' बताना, धार्मिक कट्टरतावाद से उनके जुड़ाव को छिपाना है। मुस्लिम कट्टरतावाद को जिहादी इस्लाम कहना भी ठीक नहीं है। मुस्लिम कट्टरतावाद के कई स्वरूप हैं। मिस्त्र और कई अन्य देशों में उसे मुस्लिम ब्रदरहुड कहा जाता है। फिर ईरान की अयातुल्लाह सरकार तो है ही। धार्मिकता तो उसे कहते हैं जिसका आचरण लाखों-करोड़ों हिंदुओं द्वारा अन्य धर्मों के लोगों के साथ रहते हुए सदियों से किया जा रहा है। इसी ने भारत को बहुवादी और विविधवर्णी देश बनाया है। हिंदू राष्ट्रवाद की वर्तमान नीतियां सावरकर और गोलवलकर की विचारधारा पर आधारित हैं। ये दोनों उपनिवेशवाद के खिलाफ संघर्ष से उपजे भारतीय राष्ट्रवाद के कटु विरोधी थे। बीसवीं सदी के महानतम हिंदू महात्मा गांधी को बहुवादी भारत का पक्षधर होने की कीमत अपने सीने पर गोलियां खाकर चुकानी पड़ी। तवलीन इस 'धार्मिकता' से नफरत करती हैं। मगर उन्हें यह समझना चाहिए कि जिहादी इस्लाम और इस्लामिक कट्टरतावाद भी इसी रास्ते से उभरा था। राजनीति को धर्म से जोड़ा जाता है और फिर धर्म के नाम पर राजनीति पूरे समाज को बर्बाद कर देती है। भारत में अभी यही हो रहा है। चाहे वह मस्जिदों पर दावा करना हो, मुसलमानों के घरों पर बुलडोजर चलाना हो, तृप्ता त्यागी द्वारा मुस्लिम विद्यार्थियों को पिटवाना हो या मांसाहारी भोजन स्कूल में लाने के लिए बच्चों को स्टोर में बंद करना हो या फिर मंगलौर में पब से बाहर आ रही लड़कियों की पिटाई लगाना हो - ये सब उसी का नतीजा है जिसे तवलीन सिंह 'धार्मिकता' कहती हैं।

## संपादकीय

### लोकतंत्र और समृद्ध हो

केंन्द्रीय मंत्रिमंडल की 'एक देश-एक चुनाव' विधेयक को मंजूरी से स्पष्ट हो गया है कि मोदी सरकार देश में एक साथ चुनाव की अवधारणा को धरातल पर लाने के लिए संकल्पित है। विधेयक संसद में पेश करने की तैयारी के बीच विपक्षी पार्टियों के विरोध के स्वर भी उठने लगे हैं। यह जानते हुए भी कि देश में एक साथ चुनाव की व्यवस्था कोई पहली बार लागू नहीं होगी। आजादी के बाद वर्ष 1967 तक लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ ही कराए गए थे। यह सिलसिला उस समय टूटा, जब 1968-69 में कुछ राज्यों की विधानसभाएं समय से पहले भंग कर दी गईं। सिलसिला नहीं टूटता तो अमरीका, फ्रांस, कनाडा, स्वीडन जैसे देशों की तरह भारत में भी एक साथ चुनाव हो रहे होते। 'एक देश-एक चुनाव' विधेयक एक तरह से टूटी कड़ियों को फिर से जोडऩे का प्रयास है। हालांकि विपक्ष का कहना है कि एक साथ चुनाव कराना लोकतंत्र और संविधान की भावना के प्रतिकूल होगा। देश की विशाल आबादी को देखते हुए यह व्यावहारिक नहीं होगा। विपक्ष के इन तर्कों का कोई ठोस आधार नजर नहीं आता। जब जीएसटी के रूप में 'एक देश-एक कर' का सफल प्रयोग हो चुका है तो 'एक देश-एक चुनाव' की व्यवस्था भी लागू की जा सकती है। इस व्यवस्था की जरूरत इसलिए भी महसूस की जा रही है, क्योंकि चुनाव कराना बेहद महंगा हो गया है। भारी खर्च के अलावा बार-बार चुनाव से देश का विकास भी बाधित होता है। हर पांच-छह महीने में अलग-अलग राज्यों में चुनाव से आचार संहिता के कारण जनहित वाली सरकारी घोषणाएं रोकनी पड़ती हैं। सरकारी मशीनरी हमेशा इलेक्शन मोड में बनी रहती है। पांच साल में एक बार चुनाव होंगे तो सरकारें विकास कार्यों पर ज्यादा फोकस कर सकेंगी। इसके बावजूद 'एक देश-एक चुनाव' को लेकर क्षेत्रीय पार्टियों के विरोध को सिरे से खारिज नहीं किया जा सकता। उनके इस तर्क में दम है कि लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ होने से मतदाताओं के मन पर राष्ट्रीय मुद्दे हावी हो सकते हैं। स्थानीय मुद्दे दरकिनार होने से राज्यों के विकास पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। एक साथ चुनाव में यह व्यवस्था किस तरह की जाए कि लोकसभा और विधानसभा के चुनाव अलग-अलग मुद्दों पर लड़े जाएं, यह सरकार के सामने बड़ी चुनौती होगी। इसके लिए गहन चर्चा और व्यापक चुनाव सुधार अभियान भी जरूरी है। जनप्रतिनिधित्व कानून में सुधार के साथ कालेधन पर अंकुश, दागी नेताओं पर रोक और मतदाताओं में राजनीतिक जागरूकता के प्रयास होने चाहिए, ताकि लोकतंत्र और समृद्ध हो

## जागो और जागरूक जीवन जिओ

**सुंदर चंद ठाकुर**

अगर हम कुछ नहीं जानते तो हम यह जानते हुए पूरा जीवन निकाल सकते हैं कि हम सब कुछ जानते हैं। लेकिन अगर हम वाकई जानते हैं तो हम यह मानेंगे कि हम कुछ नहीं जानते और पूरा जीवन कुछ सीखने की प्रयास करते रहेंगे। दुनिया में ज्यादातर लोग इस भ्रम का शिकार हैं कि वे सबकुछ जानते हैं। क्योंकि कुछ न जानते हुए भी उन्हें लगता है कि वे सबकुछ जानते हैं इसलिए वे हमेशा टकराव में बने रहते हैं। उनके साथ भी जो उनकी तरह कुछ नहीं जानते और समझते हैं कि सब जानते हैं और उनके साथ भी जो वाकई जानते हैं। ज्ञान की आंखों के खुलने का पहला प्रमाण यह अनुभूति है कि हम कुछ नहीं जानते। एक बार एक व्यक्ति एक जेन साधु के पास पहुंचा। वह उस साधु से बहुत कुछ सीखना चाहता था। कुछ देर बातचीत के बाद जेन साधु ने अपने उस मेहमान के लिए चाय मंगाई और वह केतली से कप में चाय उड़लने लगे। कप भर गया लेकिन फिर भी वे चाय उड़लते रहे। यह देखकर उस व्यक्ति के मुंह से निकला- अरे रे रे, ये क्या कर रहे हैं साधु महाराज। कप तो भर चुका है। अब आप उसमें चाय क्यों डालते जा रहे हैं। उसकी बात सुनकर साधु रुके और बोले- यह मानते हो न कि कप में चाय डालने के लिए जरूरी है कि कप में जगह रहे। भरे हुए कप में चाय डालने से वह बाहर ही गिरेगी। वही बात मैं तुम्हें बताना चाहता था कि अगर मुझसे ज्ञान पाना चाहते हो, तो अपना दिमाग खाली करके आओ। उसमें पहले ही बहुत सारा ज्ञान भरा हुआ है। इस भरे दिमाग में मैं जो भी ज्ञान दूंगा वह बाहर ही गिरेगा। जिसने भी अपने जीवन को जाना उसने जागने की बात की। जागने की क्रिया शुरू ही इस अहसास से होती है कि हम कुछ नहीं जानते। इस संसार में लोग कई-कई तरह की बेहोशी के मारे हैं। किसी को अपने शारीरिक सौष्ठव का नशा है। वह शरीर को ही सबकुछ मानने की बेहोशी में जीवन जिए जा रहा है। किसी को अपने खानदान के मान-सम्मान, उसकी धन-संपदा का नशा है। वह मान-सम्मान और धन-संपदा की बेहोशी में जिए जा रहा है। किसी को अपने ताकतवर पद का नशा है। वह पद की बेहोशी में जिए जा रहा है। यह अधूरा जीवन है। जब तक आप हर तरह के नशों से, हर तरह की बेहोशी से मुक्त नहीं हो जाते, तब तक आप अधूरा जीवन जीते हैं। जीवन का कमल जब पूरी तरह खिल जाता है, तो उसकी सुंदरता ही कुछ और हो जाती है। वह इतना सुंदर होता है कि सारी आंखें उसी ओर उठने लगती हैं। एक जागा हुआ जीवन जिम्मेदारियों से भरा हुआ जीवन होता है। अपने प्रति जिम्मेदारी। अपने से जुड़े लोगों के प्रति जिम्मेदारी। समाज, राष्ट्र और इस पृथ्वी के प्रति जिम्मेदारी। बुद्ध इस हद तक का जागा हुआ जीवन जीना चाहते थे कि एक बार आनंद के साथ चलते हुए अचानक एक मक्खी उनके चेहरे के आगे आकर भिनभिनाई तो उन्होंने झटके से हाथ से उसे उड़ा दिया। कुछ आगे जाने के बाद उन्होंने मक्खी उड़ाने का फिर से वही एक्शन किया पर इस बार हाथ को बहुत धीमे से उठाकर घुमाया। आनंद ने देखा तो पूछा- हे बुद्ध, पहले तो आपने मक्खी उड़ाने के लिए हाथ घुमाया था, पर अभी तो कोई मक्खी न आई थी, फिर क्यों हाथ घुमाया। बुद्ध बोले- जब मक्खी आई तो मैंने अनायास बेहोशी में हाथ हिला दिया। मैं जरा होश में और पूरे बोध में रहकर हाथ हिलाने का अभ्यास कर रहा था। आज इसी बोधपूर्ण, इसी जागरूक जीवन की जरूरत है। एक बार जीवन में ऐसा जागरण आ गया, तो अपने आप सारी मुश्किलें, सारी समस्याएं दूर होने लगेंगी। और यह लाभ सिर्फ आप तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि आपसे जुड़े लोगों और जगत तक भी पहुंचेगा।



## 'सिंकदर' टीजर रिलीज डेट : सलमान खान के फैंस को भाईजान के जन्मदिन पर मिलेगा तोहफा

**कनिका सिंह**

ए.आर. के डायरेक्शन में बनी साजिद नाडियाडवाला की फिल्म 'सिकंदर' की घोषणा हो चुकी है। मुरुगादॉस और सलमान खान की इस फिल्म ने दर्शकों के बीच धूम मचा दी है। इस मेगा प्रोजेक्ट ने अपनी अनाउंसमेंट के बाद से ही लोगों का ध्यान खींचा है और इसकी रिलीज को लेकर फैंस के बीच एक्साइटमेंट अपने चरम पर है। अब, लगातार बढ़ते उत्साह को बढ़ाते हुए साजिद नाडियाडवाला ने सलमान खान के फैंस के लिए उनके जन्मदिन पर एक गिफ्ट की घोषणा की है। सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' के टीजर की रिलीज की तारीख की घोषणा हो चुकी है, जो 27 दिसंबर 2024 है। आखिरकार, दर्शकों को 'सिकंदर' की एक झलक मिलेगी, क्योंकि साजिद नाडियाडवाला ने टीज़र की रिलीज़ डेट का खुलासा कर दिया है। 27 दिसंबर 2024 को लॉन्च होने वाला यह टीज़र सलमान खान के फैंस के लिए एक खास जन्मदिन गिफ्ट है। इसी दिन सलमान अपना बर्थडे मनाते हैं। सबसे बड़े सुपरस्टारों में से एक होने के नाते सलमान खान की बड़ी संख्या में फैन फॉलोइंग है जो बड़े पर्दे पर उनकी वापसी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उनके जन्मदिन पर उनकी फिल्म 'सिकंदर' का टीज़र जारी होने के साथ, यह उनके फैंस के लिए किसी सेलिब्रेशन से कम नहीं होगा। इस घोषणा ने इस खास मौके पर सिकंदर की झलक देखने का उत्साह और बढ़ा दिया है। नाडियाडवाला ग्रैंडसन की बनाई, एआर मुरुगादॉस के डायरेक्शन में बनी 'सिकंदर' में सलमान खान और रश्मिका मंदाना लीड रोल्स में हैं। एक्शन से भरपूर यह फिल्म ईद 2025 वीक के लिए फिक्स है। ये ईद पर रिलीज हो सकती है।




स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक , प्रकाशक व संपादक सरोज चौधरी द्वारा न्यू लोक भारती प्रेस, वार्ड 10 कोकर औद्योगिक क्षेत्र कोकर रांची से मुद्रित तथा ई -37, अशोक विहार रांची से प्रकाशित, संस्थापक संपादक :स्व. राधाकृष्ण चौधरी
प्रबंध संपादक : अरूण कुमार चौधरी, फोन: 9471170557/08084674042, ई-मेल : Divyadinkarranchi @ gmail.com,RNI Regd. No. : JHAHIN/2013/54373Postal Registration No. : RN-11/2012)

## संक्षिप्त समाचार

### किसानों को जोड़ा जाएगा -ई नाम पोर्टल से



**देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा**

आज दिनांक-16.12.2024 को कृषि उत्पादन बाजार समिति, देवघर में राहुल कुमार, पणन सचिव के अध्यक्षता में देवघर जिले के एफ.पी.ओ के साथ एक बैठक आहूत की गई जिसमें भारत सरकार के महत्वाकांक्षी योजना ई-नाम के बारे में विस्तृत जानकारी संतोष कुमार, स्टेट कोडिनेटर, रांची द्वारा दी गई। साथ ही किसानों के हितकारी कार्य के लिए ई-नाम से जोड़ने एवं व्यापार का बढ़ावा देने और लेन-देन को पारदर्शी रूप में करने के साथ किसानों के उपज का सही मुल्य सीधे उनके खाते में पहुंचान हेतु विषय पर गहन चर्चा किया गया। एफ.पी.ओ. द्वारा भी ई-नाम पोर्टल पर कार्य करने अभीरूचि दिखाई गई साथ ही किसानों को अपने उपज बेचने हेतु कृषि उत्पादन बाजार समिति, देवघर में लाने एवं व्यापार करने के लिए किसानों के साथ बैठक कर बाजार समिति, देवघर में ई-नाम पोर्टल से जाड़ने के लिए कार्य करने की सहमति दिया गया।

### सीआईएसएफ जवान का शव आते ही धर में मचा कोहराम



**रिपोर्ट - प्रमोद कुमार सिंह**

औरंगाबाद/ जिले के रफीगंज प्रखंड में शहर के न्यू एरिया मुहल्ला में सीआईएसएफ जवान का शव आते ही कोहराम मच गया। न्यू एरिया निवासी भोला सिंह के 40 वर्षीय पुत्र चितरंजन सिंह सीआईएसएफ यूनिट बोकारो स्टील प्लांट मे सब इंस्पेक्टर पद पर पदस्थापित थे। मृतक के पिता भोला सिंह ने बताया कि बीमारी के कारण बोकारो के अस्पताल मे ईलाज के दौरान मौत हो गयी। सोमवार की शाम सब इंस्पेक्टर राकेश कुमार एवं सुजीत लकडा ने तिरंगा में लिपटा पार्थिव शरीर लेकर पहूंचे। शव आते ही काफी संख्या मे लोग पहूंचे।

माता श्यामपरी देवी, पिता भोला सिंह एवं पत्नी मनोरमा देवी समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर कर बुरा हाल था। पुरे मुहल्ला में कोहराम मच गया। मृतक एसआई चितरंजन कुमार सिह का पैतृक घर आंती थाना क्षेत्र के गौरी बिगहा है। लगभग आठ वर्षों से रफीगंज के न्यू एरिया के वार्ड 14 में मकान बनाकर सभी परिवार रह रहे थे। मृतक के एक 14 वर्षीय पुत्र आदित्य कुमार एवं चार वर्षीय पुत्री अनवी कुमारी है। शव आने के बाद दाह-संस्कार के लिए परिजन गया के विष्णुपद ले गये।

### भाजपा के पूर्व युवा नेता आकाश उर्फ एपी ने वरियय पत्रकार के पितृ शोक पे गहरा शोक प्रकट की है



**रिपोर्ट - प्रमोद कुमार सिंह**

औरंगाबाद / गया जिले के उतरी लक्खीबाग निवासी दैनिक भास्कर के पत्रकार अजय सिंह के पिता सर्वगीयय जर्नांद सिंह जी के 78 वर्ष की आयु में निधन हो जाने पर गहरा शोक प्रकट की है ! मलिकायिन इंटरप्राइजेज के संस्थापक सह युवा समाजसेवी आकाश उर्फ एपी ने बताया कि वो इनकम टैक्स विभाग में प्रश्नशक अधिकारी के रूप में अपना सेवा प्रदान किया। वह 2007 अपनी सेवा इमानदारी पुर्वक निभाया ! उनका निधन से समाज को बहुत नुकसान हुआ है, हमने एक युग को खो दिया ! भगवान उनको आत्मा को शांति प्रदान करे, और परिवार के लोगो को हिम्मत और हौसला दे, ! वही शोक प्रकट करने वाले भाजपा की जिला महिला उपाध्‍ यक्ष अन्नू बरनवाल, छोटकू तमाम लोग शामिल हैं !

### अपर समाहर्ता- सह-अध्यक्ष डिजिटल मासिक पत्रिका संग्रहण समिति, औरंगाबाद की अध्यक्षता में बैठक किया गया।

**रिपोर्ट - प्रमोद कुमार सिंह**

औरंगाबाद/ जिले के अपर समाहर्ता श्री ललित भूषण रंजन- सह-अध्यक्ष डिजिटल मासिक पत्रिका संग्रहण समिति, औरंगाबाद की अध्यक्षता में अपने कार्यालय कक्ष में जिले के विभिन्न विभागों की उपलब्धियां को प्रचार प्रसार के उद्देश्य से डिजिटल मासिक पत्रिका के माध्यम से संग्रहण हेतु बैठक आहूत आयोजित की गई।

इस बैठक में जिला पदाधिकारी के निदेर्शानुसार जिले के विभिन्न विभागों के उपलब्धियां को डिजिटल मासिक पत्रिका के माध्यम से प्रचार प्रसार के उद्देश्य से अपर समाहर्ता औरंगाबाद की अध्यक्षता में 7 सदस्य समिति, डिजिटल मासिक संग्रहण समिति, का गठन किया गया है।

बैठक में अपर समाहर्ता द्वारा समिति के सचिव जिला जनसंपर्क पदाधिकारी को जिले के विभिन्न विभाग यथा आपदा, कल्याण, वन विभाग, जीविका, पंचायती राज बाल संरक्षण इत्यादि विभाग से समन्वय स्थापित कर प्रत्येक महीने जिले के कल्याणकारी योजनाओं का उपलब्धियां को संग्रहण करने का निर्देश दिए। साथ ही साथ संपूर्णता अभियान से संबंधित चारों प्रखंडों (मदनपुर, देव नबीनगर, एवं कुटुंबा) के प्रखंड समन्वयक को जिले के सभी प्रखंड स्तरीय उपलब्धियां को संग्रह करने का निर्देश दिए। उक्त बैठक में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्रीमती श्वेता प्रियदर्शी, सहायक आपदा पदाधिकारी सुश्री अंतरा कुमारी, सुश्री पिंकी कुमारी प्रखंड समन्वयक (एबीपी), मदनपुर, सश्री आसमा राणा प्रखंड समन्वयक (एबीपी), कुटुंबा, श्रीमती नेहा सिन्हा प्रखंड समन्वयक (एबीपी), नवीनगर, श्री सचिन मौर्य प्रखंड समन्वयक (एबीपी),देव उपस्थित रहे।

# सरकार के खिलाफ शक्ति प्रदर्शन करने उतरी कांग्रेस ने जमकर बोला हमला

**भोपाल**

भाजपा सरकार की वादाखिलाफी, भ्रष्टाचार, अनुसूचित जाति-जनजाति, महिलाओं, बच्चियों के उत्पीड , किसानों की समस्या, बेरोजगारी सहित अन्य मुद्दों को लेकर कांग्रेस ने शक्ति प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता राजधानी के जवाहर चौक पर जुटे। कांग्रेस नेताओं ने यहां सभा की। हालांकि यहां से विधानसभा घेराव के लिए नहीं जा सके। सभा के बाद कांग्रेस नेताओं ने मंच पर ही गिरफ्तारी दी। यहीं से उन्हें रिहा भी कर दिया गया। पुलिस की ओर से कहा गया कि विधानसभा सत्र चल रहा है, धारा 144 लागू है। ऐसे में विधानसभा की ओर जाना निषेध है। जिसके बाद कांग्रेस नेताओं ने मंच पर ही गिरफ्तारी दी। कांग्रेस के प्रदर्शन में पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ भी पहुंचे हैं। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव भी उपस्थित रहे। सभा को संबोधित करते हुए कमल नाथ ने कहा कि प्रदेश की तस्वीर आप सबके सामने हैं। दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि मध्य प्रदेश की पहचान घोटाला प्रदेश की है। हर क्षेत्र में घोटाला है। कमलनाथ ने कहा कि मध्य प्रदेश की अर्थव्यवस्था 70 प्रतिशत तक कृषि क्षेत्र पर आधारित है। किसानों के साथ कितना अन्याय है। खाद की बात, बीज की बात, सही दामों पर खरीदने की बात। कितना अन्याय हमारे किसानों के साथ हुआ है। बहुत बड़ा राजनीतिक परिवर्तन हुआ है। इस राजनीतिक परिवर्तन को आप पहचानिए। जब तक आप घर घर नहीं जाएंगे बीजेपी कभी मुकाबला नहीं कर पाएंगे। सभी भोपाल के जवाहर चौक पर एकत्र हुए इसके बाद आगे बढ़े। इधर खाद की खाली बोरियां लेकर कांग्रेस विधायक विधानसभा में पहुंचे। यहां उन्होंने गांधी प्रतिमा के सामने जमकर नारेबाजी की। सचिन यादव ने कहा कि प्रदेश का किसान खाद नहीं मिलने की वजह से परेशान है। 12 साल पहले जो सोयाबीन के दाम थे आज भी वही मिल रहे हैं। एक तो खाद नहीं मिल रहा, दूसरा ब्लैक में नकली खाद बेचा जा रहा है। सरकार को घुटने पर लाएंगेः लांबा महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने कहा कि सरकार को बने हुए एक साल के ऊपर हो गया है। आधी आबादी यानी महिलाओं से सुरक्षा का वायदा था। एक साल में कितनी बहनें सुरक्षित हुईं? रीवा में इनको जिंदा गाड ` की हिम्मत दबंगों ने दिखाई है। उज्जैन में नाबालिग बेटी को लहूलुहान हमने देखा है। बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। कौन सी बहन को साढ़े 400 रुपए में गैस सिलेंडर मिल रहा है, जिसकी गारंटी मोदी जी ने दी थी। महंगाई, बेरोजगारी, महिला सुरक्षा इन मुद्दों पर हम सरकार को घुटनों पर लाएंगे। खाद की समस्या बढ़ गई हैः बरैया विधायक फूल सिंह बरैया ने कहा कि भाजपा सरकार में अनुसूचित जाति और जनजाति के विरुद्ध अत्याचार हो रहा है। ऐसे में महिलाओं को लाड़ली बहना कहना उचित नहीं है। खाद की समस्या बढ़ गई है। विधायक ओमकार सिंह मरकाम ने कहा कि भाजपा सरकार पांच वर्ष नहीं चलेगी, पर इसके लिए हम सभी को खड़े होना होगा। किसानों में हाहाकार मचा हैः नटराजन पूर्व लोकसभा सदस्य मीनाक्षी नटराजन ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान किसानों की आय दोगुनी करने की बात कर रहे थे, लेकिन किसानों में हाहाकार मचा हुआ है। पूरे देश में संविधान की बात हो रही है तो मध्य प्रदेश में महिलाओं बच्चों के साथ उत्पीड हो रहा है। भाजपा ने कहा था प्रतिमाह 3000 रुपये लाड़ली बहनों को देंगे पर उनके साथ अन्याय हो रहा है।

किसान को दाम मिले, बेरोजगारों को काम मिले और महिलाओं को सम्मान मिले। प्रदेश सरकार के पास समय नहीं है कि गरीबों का चेहरा देख सके, उनकी सुनवाई कर सके। पुलिस ने कांग्रेस नेताओं की ट्रैक्टर रैली को रोका इससे पहले सुबह करीब 11 बजे पार्टी विधायक भोपाल में रेडक्रॉस हॉस्पिटल के सामने शिवाजी चौराहे पर इकट्ठा हुए। वे यहां से ट्रैक्टर रैली के जरिए विधानसभा जाना चाह रहे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें शिवाजी नगर चौराहे के पास ही रोक लिया। दूसरे जिलों से आ रहे कांग्रेस नेताओं को रोका दूसरे जिलों से आ रहे कांग्रेस नेताओं को रोकने के लिए पुलिस ने भोपाल से लगी सडकों पर बैरिकेड्स लगाए थे। राजगढ़ जिले से आए कार्यकताओं को पुलिस ने रोका तो जिला पंचायत अध्यक्ष चन्दर सिंह राजगढ़ की अधिकारियों से बहस हो गई।

### 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ को लेकर भूमि पूजन सह ध्वजारोहण किया गया



**मंडरो :** मिजाचौकी दुर्गा मंदिर परिसर में 24 कुंडिय गायत्री महायज्ञ को लेकर भूमि पूजन सह ध्वजारोहण किया गया । इस संबंध में गायत्री परिवार की प्रखंड समन्वयक सुप्रिया वर्णवाल ने बताया कि शांतिकुंज हरिद्वार टोली द्वारा 24 दिसंबर से 27 दिसंबर तक गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। जिसमें गायत्री शक्तिपीठ साहिबगंज एवं शांतिकुंज हरिद्वार की प्रखंड पंडितों के तत्वावधान में यह संपन्न किया जाएगा इसमें अन्नप्राशन ,मुंडन ,पठन , उपनयन संस्कार एवं बिराट पुस्तक मेला का आयोजन किया जाएगा।

# अद्री नदी बचाओ आंदोलन का का शुभारंभ डुमरी बालूगंज अद्री नदी घाट से पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया संयोजक - अनिल कुमार सिंह

**रिपोर्ट - प्रमोद कुमार सिंह**

औरंगाबाद / जिले में रविवार को अद्री नदी बचाओ आंदोलन का संयोजक अनिल कुमार सिंह के द्वारा शुभारंभ डुमरी बालूगंज अद्री नदी घाट से पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया तत्पश्चात उपस्थित लोगों के बीच में एक सभा की आयोजन किया गया कार्यक्रम के अध्यक्षता समाजसेवी दिलीप सिंह एवं संचालन उदित विश्वकर्मा जी ने किया आपको बता दे किया अदरी नदी बचाओ आंदोलन 7 दिनों तक चलेगा प्रथम दिन शुभारंभ डुमरी बालूगंज नियामतपुर बेढ़ना के गांव में अदरी नदी बचाओ रथ के द्वारा कार्यकताओं के साथ भ्रमण किया गया और लोगों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता के लिए पहल की गई यह अभियान जिले वासियों को नदी की जलधारा को संरक्षित रखने प्रदूषण कम करने और पर्यावरणीय से संकट से बचाने के उद्देश्य से चलाया गया इस अभियान में स्थानीय नागरिकों के अलावा जिले वासियों से विभिन्न सामाजिक संगठन के लोग शामिल रहे अदरी नदी जो पिछले कुछ लोग कुछ वर्षों से प्रदूषण और अव्यवस्थित शहरीकरण के कारण गंभीर संकट का सामना करना पड़ रहा है जिससे प्रदूषण अवस्थित कचरा फेंकने जल प्रदूषण के कारण नदी का जलस्तर लगातार घट रहा है और पानी की गुणवत्ता घट रही है जिससे लोगों में गंभीर बीमारियां पनप रही है इसी कारण यह अदरी नदी बचाओ आंदोलन संस्थाओं द्वारा एकजुट होकर इस अभियान की गई इस कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह अजीत कुमार सिंह संजय




सज्जन सिंह अजय श्रीवास्तव मनोज कुमार सौम्या पूर्व मुखिया जुलेखा खातून पूर्व अशोक सिंह पूर्व विक्रांत प्रताप सिंह भाजपा महिला मोर्चा के अध्यक्ष अनीता सिंह भाजपा जिला प्रवक्ता दीपक कुमार सिंह महिला मोर्चा के जिला महामंत्री गुड़िया सिंह प्रवक्ता सुबह अग्रवाल पूजा सिंह सुनीता देवी संगीता देवी नीतू देवी अनीता देवी अधिवक्ता विजय प्रसाद निराला रघुनाथ राम संजय सिंह विश्वा गुप्ता मनीष गुप्ता सिकंदर सिंह चंदन सिंह शत्रुघ्न सिंह मुन्ना अरविंद कुमार विकास बारूद मधेश्वर सिंह तुलसी सिंह कैलाश पासवान गुड्डू कुमार रामस्वरूप मेहता मिथिलेश वर्मा उग्रह मेहता जितेंद्र सिंह नारायण सिंह पिंटू तिवारी सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

### पीरू पंचायत में रोगी हितधारक मंच के गठन के लिए खुली बैठक किया गया



**रिपोर्ट- निशांत कुमार**

औरंगाबाद/ जिले के हसपुरा प्रखंड में राज्य से फाइलेरिया उन्मूलन को गति देने के लिए स्वास्थ्य विभाग के पहल पर प्रखंड के पीरू पंचायत में रोगी हितधारक मंच के गठन के लिए खुली बैठक किया गया। बीते सोमवार को हुए खुली बैठक का अध्यक्षता पीरू पंचायत के मुखिया गोपाल सिंह ने किया। बैठक का नेतृत्व सीएचओ नीतू कुमारी ने किया।रोगी हितकारी मंच के गठन के पूर्व हुए खुली बैठक में फाइलेरिया बीमारी का विस्तृत चर्चा किया गया।इसके उन्मूलन के लिए चलाए जा रहे सरकारी योजनाओं और जागरूकता अभियान के बारे में बताया गया।चर्चा के बाद मंच के गठन के लिए सभी का सहमति लिया गया। अध्यक्षता करते हुए कहा की मंगलवार को आयोजित होने वाले ग्राम सभा में फाइलेरिया उन्मूलन पर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।सीएचओ ने बताया की एचडब्ल्यूसी स्तर पर ही एमएमडीपी किट बांटी जाएगी। पीएसपी के माध्यम से फाइलेरिया मरीज को चिह्नित किया जाएगा। आंगनबाड़ी सेविका अपने केंद्र पर होने वाली गतिविधियों पर फाइलेरिया के बारे में चर्चा करेंगी, ताकि सर्वजन दवा सेवन अभियान के दौरान लोगों को दवा खाने के लिए जागरूक किया जा सके।बैठक मे एएनएम किरण कुमारी , शिक्षक शारदा कुमारी , सेविका मालती देवी,एएफ चिंता कुमारी, आशा नीलम कुमारी,मुनी कुमारी, बसंती देवी के अलावा ग्रामीण उपस्थित थे।

### तेजस्वी यादव बहुत नॉन सीरियस पॉलीटिशियन : सुशील कुमार सिंह

**रिपोर्ट - प्रमोद कुमार सिंह**

औरंगाबाद । औरंगाबाद के चार बार सांसद रहे सुशील कुमार सिंह ने कहा है कि तेजस्वी यादव बहुत नॉन सीरियस पॉलिटिशियन हैं पर लालू जी के बेटे हैं तो चल रहा है । बिहार में जब भी सुखा, बाढ़ या आपात स्थिति आती है तो यह विदेश घूमने चले जाते हैं ।

पूर्व सांसद ने रविवार को पत्रकारों से बात चित करते हुए लालू और तेजस्वी पर जमकर हमला बोला । पूर्व सांसद ने नीतीश की यात्रा पर लालू प्रसाद के कमेंट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा की लालू , लालू हैं । वह कुछ भी बोल सकते हैं लेकिन मसखरेपन की भी कुछ सीमा होनी चाहिए । लालू खुद सीएम और केंद्रीय मंत्री रह चुके हैं उनका इस तरह से मुख्यमंत्री की यात्रा पर टिप्पणी करना



निहायत निंदनीय है । वह विपक्ष के नाते आलोचना करने का अधिकार रखते हैं लेकिन इस तरह की अभद्र टिप्पणियां उन्हें शोभा नहीं देती है ।

नीतीश कुमार द्वारा बड़ी मात्रा में राशि खर्च किए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए श्री सिंह ने कहा कि आज तेजस्वी को यह बात बुरी लग रही है कि बिहार की जनता का पैसा बिहार की जनता के लिए खर्च हो रहा है लेकिन उन्हें उसे वक्त बुरा नहीं लगता था जब उनके माता जी /पिताजी की सरकार में जनता का पैसा लूट लिया जाता था ।

दर्जनों घोटाले हुए थे और सारा पैसा लालू परिवार की जेब में जाता था । यह पैसा कभी किसी कमजोर गरीब या एम- वाई समीकरण के लोगों या किसी यादव के पास नहीं गया बल्कि सारा का सारा पैसा लालू प्रसाद यादव के परिवार की जेब में गया. तब तेजस्वी को बुरा नहीं लगा लेकिन अब जब बिहार का पैसा बिहार की महिलाओं गरीबों युवाओं पिछड़े वर्ग पर खर्च हो रहा है तो तेजस्वी को बुरा लग रहा है।

### जिला पदाधिकारी के अध्यक्षता में पंचायती राज विभाग से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित किया गया



**रिपोर्ट- प्रमोद कुमार सिंह**

औरंगाबाद/ जिला पदाधिकारी के अध्यक्षता में समाहरणालय के सभा कक्ष में पंचायती राज विभाग से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। इस

बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाईट योजना के तहत अबतक निर्गत कायार्देश एवं उनके आलोक में लगाये गये सोलर स्ट्रीट लाईट, ग्राम पंचायतों एवं पंचायत समितियों के ऑनलाईन अंकेक्षण में हुई प्रगति, पंचायत सरकार भवन के निर्माण की प्रगति, महालेखाकार पटना के अंकेक्षण दल द्वारा अंकेक्षण के उपरांत दर्ज आपत्तियों का निराकरण में हुई प्रगति, षष्टम राज्य वित्त आयोग एवं पंन्द्रहवी वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त आवंटन, ली गई योजनाओं एवं उनके भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा की गयी। समीक्षोपरान्त सभी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारियों को उपर्युक्त सभी योजनाओं एवं कार्यों को ससमय पूर्ण करने का निदेश दिया गया। इस बैठक में श्री इफ्तेखार अहमद, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, औरंगाबाद, श्री अनुपम कुमार निदेशक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, औरंगाबाद एवं श्री विनोद कुमार, अपर जिला पंचायत राज पदाधिकारी तथा अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सोनू सूद ने अहमदाबाद मैराथन का नेतृत्व किया, प्रशंसकों ने #DrugFreeFuture के लिए फतेह टी-शर्ट पहनी।

**रिपोर्ट - प्रमोद कुमार सिंह**

राष्ट्रीय नायक सोनू सूद ने अहमदाबाद में गिफ्ट सिटी आरंभ मैराथन में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया, उन्होंने नशा मुक्त भविष्य के लिए जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक शक्तिशाली कारण-संचालित कार्यक्रम का नेतृत्व किया। सुबह 4:30 बजे आयोजित, यह मैराथन का तीसरा सीजन था, जिसमें फतेह थीम वाली टी-शर्ट पहने सैकड़ों प्रतिभागियों ने भाग लिया और इस उद्देश्य का समर्थन किया।

नशा मुक्त भविष्य को बढ़ावा देने के लिए समर्पित यह मैराथन, सोनू सूद के स्वस्थ, नशा मुक्त समाज के मिशन के साथ जुड़ा हुआ था, विशेष रूप से युवा दर्शकों को लक्षित करते हुए।

इस कार्यक्रम में बोलते हुए, सोनू सूद ने कहा, ह्लइतने सारे लोगों को इतने महत्वपूर्ण उद्देश्य के लिए एकजुट होते देखना बहुत खुशी की बात है। गिफ्ट सिटी आरंभ मैराथन एक स्वस्थ, नशा मुक्त भविष्य की ओर एक कदम है, और यह याद दिलाता है कि सामूहिक कार्रवाई कितनी शक्तिशाली हो सकती है। फतेह की रिलीज की तैयारी करते हुए, मुझे उम्मीद है कि यह फि ल्म डिजिटल दुनिया में हमारे सामने आने वाली अनदेखी चुनौतियों के बारे में महत्वपूर्ण




बातचीत को भी बढ़ावा दे सकती है। जागरूकता और सतर्कता दोनों ही क्षेत्रों में महत्वपूर्ण हैं, और इस तरह की पहलों के माध्यम से, हम सभी के लिए एक सुरक्षित, बेहतर भविष्य की दिशा में काम कर सकते हैं ह्व मैराथन में मुख्य अतिथि के रूप में अपनी भूमिका के अलावा, सोनू सूद ने गुजरात में स्थानीय मीडिया से जुड़ने का भी अवसर लिया। सोनू सूद द्वारा निर्देशित और लिखित, फतेह का निर्माण जी स्टूडियो के तहत उमेश के.आर. बंसल और शिव सागर शक्ति के तहत सोनाली सूद द्वारा किया गया है, जिसमें अजय धामा सह-निमार्ता हैं। जैकलीन फर्नांडीज, विजय राज और नसीरुद्दीन शाह सहित शानदार कलाकारों से सजी यह फिल्म 10 जनवरी 2024 को रिलीज होने वाली है।

### धर की तलाशी के क्रम में एक किलो 800 ग्राम गांजा बरामद,एक व्यक्ति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रिपोर्ट - प्रमोद कुमार सिंह**

औरंगाबाद/ जिले के रफीगंज प्रखंड में पुलिस ने चरकावां निचला डीह में एक व्यक्ति के यहां घर पर छापामारी किया। यहां घर के आंगन एवं चारदीवारी में अवैध रूप से लगाए गए गांजे के 32 हरे पेड़ को काटकर जप्त किया गया। साथ ही घर की तलासी के क्रम में एक किलो 800 ग्राम गांजा बरामद किया गया। इसके बाद पुलिस ने राजीव रंजन कुमार को थाना लाया। थानाध्यक्ष के बयान पर राजीव रंजन को नामजद आरोपी बनाते हुए प्राथमिकी दर्ज कर विधिवत गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि चरकावां निचली डीह में राजीव रंजन कुमार व्यापक पैमाने पर गांजे की खेती करता है और गांजे का कारोबार करता है। सूचना मिलते ही अंचलाधिकारी भारतेंदु कुमार, एसआई कुशो कुमार, गीतांजलि कुमारी, ध्रुव कुमार, परमजीत कुमार, मुक्ति देव निराला दल बल के साथ पहुंचे।

## गांजा की तस्करी में महिला समेत दो गिरफ्तार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के मध्य जिले की स्पेशल स्टाफ पुलिस ने एक अभियान चलाकर महिला समेत दो लोगों को गांजा की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस को 28 किलोग्राम गांजा, दो मोबाइल फोन, 56 हजार से ज्यादा की नकदी और दो ट्रॉली बैग बरामद किए हैं। जानकारी के मुताबिक एक सूचना पर पुलिस ने रात करीब 12 बजे नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के नजदीक कुतुब रोड स्थित डेसू पिकेट के पास एक व्यक्ति को दबोच लिया। इस आरोपित की पहचान गौरव सोनकर के रूप में हुई है। पुलिस ने उसकी तलाशी के दौरान एक ट्रॉली बैग व अन्य थैलों में रखा 24.85 किलोग्राम गांजा बरामद कर किया गया। एक अन्य घटना में दिल्ली पुलिस ने गली संख्या 10, तालीवालान बस्ती, आनंद पर्वत इलाके की एक महिला गंगा देवी को भी तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है।

## जुआ खेलने के आरोप 18 गिरफ्तार, 12 लाख से अधिक की नकदी बरामद

**नई दिल्ली।** मध्य जिले की स्पेशल स्टाफ ने दो स्थानों से जुआ खेलने के आरोप में 18 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 12.2 लाख रुपये नकद, 19 मोबाइल फोन, आठ गड्डी ताश के पत्ते व सट्टा पर्ची आदि बरामद किया है। मध्य जिले के डीसीपी एम हर्षवर्धन ने बताया कि वेस्ट पटेल नगर व गली हनुमान मंदिर, नबी करीम में गैंबलिंग रैकेट चलने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस की अलग-अलग टीमों ने दोनों स्थानों पर छापेमारी की और लोगों को जुआ खेलते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। छापेमारी के दौरान वेस्ट पटेल नगर से 13 को लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें संगठित रूप से रैकेट चलाने वाले सरगना रोहित महाजन व यशपाल उर्फ सोनू के अलावा संपत्ति मालिक पंकज भी शामिल हैं। उन्होंने बताया एक अन्य मामले में पुलिस ने गली हनुमान मंदिर, नबी करीम में छापा मार पांच लोगों को जुआ खेलने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।

## पुलिस ने मुठभेड़ के बाद बदमाश को दबोचा

**नई दिल्ली।** रोहिणी जिले के अमन विहार थाना पुलिस ने शनिवार को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार बदमाश की पहचान राजकुमार उर्फ राज के रूप में हुई है। मुठभेड़ में आरोपित के दाहिने पैर में गोली लगी है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से एक पिस्टल, दो कारतूस व चोरी की एक बाइक बरामद की है। पुलिस ने मौके से कारतूस के चार खोखे बरामद भी किए हैं। रोहिणी जिला पुलिस उपायुक्त अमित गोयल के मुताबिक, गत दिनों 20 मिनट के अंदर झपटामारी की दो वारदातों की जांच में पुलिस ने सुल्तानपुरी निवासी एक बदमाश रोहित उर्फ डाटला को गिरफ्तार किया था। इससे पूछताछ में पुलिस को पता चला कि उसका एक साथी राजकुमार उर्फ राज भी उक्त वारदातों में शामिल था। आरोपित से पूछताछ के दौरान पुलिस ने राजकुमार के बारे में जानकारी जुटानी शुरू की तो शनिवार को पुलिस को राजुकमार के सेंट्रल पार्क, अमन विहार में आने की सूचना मिली। पुलिस ने तत्काल मौके पर जाल बिछाया और थोड़ी ही देर बाद बाइक से आरोपित मौके पर आया। पुलिस ने उसे पकड़ने की कोशिश की तो राजकुमार ने पुलिस पर गोली चला दी और भागने की कोशिश करने लगा। आत्मरक्षा में पुलिस की फायरिंग में आरोपित के दाहिने पैर में गोली लगी। इसके बाद घायल राजकुमार को गिरफ्तार कर पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया। इसके बाद मौके पर क्राइम व एफएसएल की टीमों को भी मौके पर जांच के लिए बुलाया गया। टीमों ने मौके से सभी जरूरी सुराग जुटा लिए हैं।

## अरविन्द केजरीवाल छात्रों की सुरक्षा और स्कूलों की व्यवस्था दुरस्त करें: देवेन्द्र यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविन्द केजरीवाल का राजधानी की बिगड़ चुकी कानून व्यवस्था के संदर्भ में भाजपा की केन्द्र सरकार के गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर समय मांगना पूरी तरह राजनीतिक ड्रामा है।देवेन्द्र यादव ने एक बयान में अरविन्द केजरीवाल से पूछा कि क्या हर गतिविधि और घटनाओं का राजनीतिकरण करना सही है? जब दिल्ली में सरकार आपकी, स्कूल आपके, संस्थान आपके, मेट्रो आपकी, बसें आपकी हैं, फिर इनमें बम होने की घटना के लिए कुछ जिम्मेदारी तो दिल्ली सरकार की भी है। जहां सुरक्षा गार्ड और व्यवस्था दिल्ली के अधीन है। उन्होंने कहा कि दिल्ली कांग्रेस मांग करती है कि दिल्ली के बिगड़ते हालात की जिम्मेदारी लेते हुए अरविन्द केजरीवाल तुरंत प्रभाव से मुख्यमंत्री आतिशी का इस्तीफा लें। क्योंकि सरकार आतिशी नहीं, अरविन्द केजरीवाल द्वारा चला रहे हैं। देवेन्द्र यादव ने कहा कि रिजर्व बैंक को बम से उड़ाने की धमकी, देश की गरिमा और सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्न चिह्न लगाती है। क्या साइबर क्राइम इस कदर हावी है कि हमारी पुलिस और खुफिया एजेंसियां ऐसे असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण करने के लिए असहाय और असफल दिखाई पड़ती हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल की नाक के नीचे पिछले एक सप्ताह में 9, 13 और 14 दिसम्बर को 30-40 स्कूलों में बम होने की खबर और स्कूलों को उड़ाने की धमकी, देश भर में 170 विमानों में बम की धमकी पूरी तरह से दिल्ली सरकार और केन्द्रीय सरकार के गृह मंत्रालय के अंतर्गत दिल्ली पुलिस की नाकामी है।

# श्रीलंकाई राष्ट्रपति दिसानायके ने विदेश मंत्री, एनएसए, वित्त मंत्री से मुलाकात की

एजेंसी

**नई दिल्ली।** श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने की दिशा में विदेश मंत्री एस जयशंकर, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ सार्थक बातचीत की। सितंबर में श्रीलंका के राष्ट्रपति पद की शपथ ग्रहण करने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा के दौरान, तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर आज शाम नयी दिल्ली पहुंचे श्रीलंकाई राष्ट्रपति ने एक्स न्यूज को पोस्ट में कहा कि ये कार्यक्रम दोनों देशों के बीच साझेदारी को गहरा करने की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। श्रीलंकाई राष्ट्रपति ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि भारत की मेरी आधिकारिक यात्रा के दौरान, मुझे वित्त सीतारमण, विदेश मंत्री एस



जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार श्री अजीत डोभाल के साथ सार्थक चर्चा में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि हमारी बातचीत भारत-श्रीलंका आर्थिक सहयोग को मजबूत करने, निवेश के अवसरों को बढ़ावा देने, क्षेत्रीय सुरक्षा बढ़ाने और पर्यटन एवं ऊर्जा जैसे प्रमुख क्षेत्रों को आगे बढ़ाने पर केंद्रित थी। ये अनुबंध हमारे दोनों देशों के बीच साझेदारी को गहरा करने की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं।

आज रात विदेश मंत्री जयशंकर और एनएसए श्री अजीत डोभाल के साथ आपसी हित के मामलों पर सार्थक चर्चा हुई। विदेश मंत्री जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट किया कि भारत की अपनी पहली राजकीय यात्रा की शुरुआत में राष्ट्रपति दिसानायके से मुलाकात करते हुए प्रसन्नता महसूस हो रही है। श्रीलंका भारत की पड़ोसी प्रथम नीति और सागर आउटलुक दोनों के लिए महत्वपूर्ण है। आशा है कि कल प्रधानमंत्री मोदी के साथ बातचीत से ज्यादा विश्वास और गहरा सहयोग प्राप्त होगा। इससे पहले आज शाम को श्रीलंका के राष्ट्रपति दिसानायके भारत की तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर पहुंचे।

## रमेश पहलवान और उनकी पत्नी ने थामा आआपा का दामन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी तेजी से चल रही है। इसके साथ ही राजनीतिक दलों के बीच नेताओं का आना-जाना भी तेज हो गया है। दिल्ली के कस्तूरबा नगर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 147 की निगम पार्षद कुसुम लता ने अपने पति रमेश पहलवान के साथ आआपा में औपचारिक रूप से शामिल होकर भाजपा से अपना नाता तोड़ा।

कुसुम लता और रमेश पहलवान का आआपा में लौटना एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटना है। कुसुम लता, जो कुछ समय पहले भाजपा से चुनाव लड़ी थीं, ने आआपा में शामिल होने के बाद इस बात को स्पष्ट किया कि वह अरविंद केजरीवाल की विचारधारा से काफी प्रभावित हैं। उन्होंने कहा, सचमुच आआपा सभी के हित के बारे में सोचती है। मैं आज अपने आपको बहुत सौभाग्यशाली समझती हूं कि मैं केजरीवाल जी के साथ जुड़ रही हूं। इस कार्यक्रम दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने अरविंद केजरीवाल ने रमेश और कुसुम लता का स्वागत किया और उनकी वापसी को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि पहले ये हमारे कार्यकर्ता थे, किन्हीं कारणों से 7 साल पहले इन्हें आम आदमी पार्टी छोड़नी पड़ी थी, लेकिन आज इनकी घर वापसी ने हमें खुशी दी है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता दुर्गेश पाठक भी मौजूद रहे। वहीं, रमेश पहलवान, जो पहले आआपा के नेता रहे थे और कुछ समय के लिए भाजपा में भी रहे, ने कहा, मैं कस्तूरबा नगर विधानसभा का निवासी हूं और दिल्ली के दिल की धड़कन केजरीवाल जी के साथ खड़ा हूं।

## दिल्ली में आठ दिवसीय 'वामा कला प्रदर्शनी' का उद्घाटन

एजेंसी

**नई दिल्ली**दिल्ली पर्यटन विभाग के विशेष सचिव मोहम्मद अहसन आबिद ने यहां आठ दिवसीय 'वामा कला प्रदर्शनी' का उद्घाटन किया।सांस्कृतिक शाखा साहित्य की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार,दिल्ली सरकार की सांस्कृतिक इकाई दिल्ली साहित्य कला परिषद की ओर से दिल्ली त्रिवेणी कला संगम की श्रीधरनी गैलरी में 14-21 दिसंबर तक यह प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है। इसमें दिल्ली की 20 प्रतिष्ठित महिला कलाकारों की उत्कृष्ट कलाकृतियां शामिल हैं। इसका उद्देश्य, समावेशिता और रचनात्मक अभिव्यक्ति को बढ़ावा देते हुए कला जगत में महिलाओं के योगदान का जश्न मनाना एवं उन्हें सशक्त करना है। दिल्ली के कला, संस्कृति मंत्री सौरभ भारद्वाज ने महिला कलाकारों की सराहना करते हुए कहा, दिल्ली हमेशा से कला-अभिव्यक्ति का केंद्र रही है और यह प्रदर्शनी महिला



कलाकारों की अपार प्रतिभा को बढ़ावा देने और उसका जश्न मनाने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। वामा सिर्फ एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि उन महिलाओं को पहचानने और सशक्त बनाने का एक मंच है जो अपनी रचनात्मकता के माध्यम से हमारी सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध करती हैं।

# पद्मश्री से सम्मानित मप्र की जोधइया बाई बैगा का 86 साल की उम्र में निधन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के उमरिया जिले को दुनिया भर में अपनी चित्रकारी से पहचान दिलाने वाली प्रसिद्ध बैगा आदिवासी चित्रकार और पद्मश्री से सम्मानित जोधइया बाई बैगा का निधन हो गया है। वे बीते कुछ महीनों से बीमार थीं और उम्र अधिक होने और न्यूरो से संबंधित जटिलताओं के कारण उनके स्वास्थ्य में लगातार गिरावट आ रही थी, जिसके चलते उनकी हालत गंभीर हुई थी। उन्होंने आज 86 साल की उम्र में अंतिम सांस ली। उमरिया के जनसम्पर्क कार्यालय ने सोशल मीडिया के माध्यम से इसकी पुष्टि की है। जनसम्पर्क कार्यालय द्वारा ट्वीट के माध्यम से बताया गया है कि उमरिया जिले की शान आदिवासी चित्रकार जोधइया बाई का 86 वर्ष की आयु में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया है। बैगा चित्रकला को देश विदेश तक



पहुंचाने में उनका बड़ा योगदान था। वर्ष 2023 में राष्ट्रपति ने उन्हें चित्रकला में विशेष योगदान के लिए पद्म श्री पुरस्कार दिया था। बीते महीने जोधइया बाई को न्यूरोलॉजिस्ट, नेफ्रोलॉजिस्ट और कार्डियोलॉजिस्ट की जरूरत थी, जो उमरिया जिला अस्पताल में उपलब्ध नहीं थे। उन्हें एंबुलेंस से जबलपुर मेडिकल कॉलेज भेजा गया था, लेकिन उनकी हालत में सुधार नहीं हो पाया। भोजन नहीं कर पाने के कारण उनका शरीर और अधिक दुर्बल हो गया था। अपने पैतृक ग्राम लोढ़ा स्थित निज निवास पर उनका निधन हो गया। गौरतलब है कि उमरिया जिले के छोटे से गांव लोढ़ा में रहने वाली जोधइया बाई जंगल से खाद, जलाऊ लकड़ी और मेवे बेचकर अपने परिवार का गुजर-बसर करती थीं।

जब वह चालीस वर्ष की थीं, तब उनके पति की मृत्यु हो गई। इसके बाद उन्होंने पेंटिंग का काम शुरू किया। उनकी कलात्मक शैली की तुलना जंगढ़ सिंह श्याम से की जाती थी, जो गोंड थे। कैनवास और कागज पर पेंटिंग करने के बाद, वह अब मिट्टी, धातु और लकड़ी जैसे अन्य मीडिया का भी उपयोग करती थीं।

# मोदी ने अनुपालन प्रक्रियाओं को आसान बनाने की राज्यों से की अपील

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य सरकारों से सरकारी नियमों के अनुपालन प्रक्रियाओं को आसान बनाने की अपील की है।श्री मोदी ने कहा कि अनुपालन प्रक्रियाओं की जटिलताओं के कारण नागरिकों को प्रायः परेशानी का सामना करना पड़ता है। श्री मोदी राजधानी में मुख्य सचिव के चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। तीन दिन का यह सम्मेलन संपन्न हुआ।

प्रधानमंत्री ने राज्य सरकारों को राजकाज के वर्तमान मॉडल में सुधार करने तथा जन भागीदारी को बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने सुधार, समाधान और परिवर्तन की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि लोगों तक सरकार की विभिन्न पहलुओं की सूचना भी पहुंचनी चाहिए। मोदी ने पुनर्चक्रण आधारित अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित किए जाने पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि गोवर्धन कार्यक्रम आज ऊर्जा का एक बड़ा स्रोत बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि कचरे को कंचन बनाने कि यह पहल बूढ़े पशुओं को भी एक संपत्ति बना रही है जो पहले भर समझ जाते थे।उन्होंने राज्यों के स्तर पर इलेक्ट्रॉनिक कचरा के पुनर्चक्रण के विषय में परियोजना को



व्यावसायिक दृष्टिकोण से व्यावहारिक बनाने के लिए सरकारी सहायता की अवधारणा के बारे में भी सोच रखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक कचरा आने वाले समय में और बढ़ेगा और इसके पुनर्चक्रण से उपयोगी संसाधन तैयार किया जा सकते हैं। उन्होंने केंद्र सरकार के फिट इंडिया अभियान के अंतर्गत मोटापे के खिलाफ अभियान को एक चुनौती के रूप में स्वीकार किए जाने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि हृष्ट-पुष्ट भारत ही विकसित भारत हो सकता है। प्रधानमंत्री ने इस फॉर्म में पुरानी पांडुलिपियों के डिजिटल संस्करण तैयार किए जाने के लिए राज्यों में कदम उठाए जाने, प्रधानमंत्री गतिशक्ति को निरंतर अधिकतम बनाने और इसमें पर्यावरणीय प्रभाव और आपदा- प्रमाण क्षेत्र संबंधी संकेतों को भी शामिल करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि आकांक्षी जिलों और प्रखंडों में कुशल अधिकारियों की नियुक्ति से जमीनी स्तर पर बड़े बदलाव आ सकते हैं और इसका बहुत बड़ा आर्थिक सामाजिक लाभ प्राप्त हो सकता है श्री मोदी ने इस अवसर पर देश के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल को याद किया और कहा कि वह प्रशासनिक अधिकारियों के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं। उन्होंने पटेल की आज पुण्यतिथि और यह वर्ष उनका 150वां जयंती वर्ष होने का उल्लेख करते हुए कहा कि दो वर्ष सरदार पटेल की याद विशेष रूप से मनाई जानी चाहिए।

# 'गांधी के प्रेरणास्रोत थे स्वामी रामकृष्ण और विवेकानंद'

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बंगाल के ख्यातिप्राप्त संत शिरोमणि स्वामी रामकृष्ण परमहंस और उनके प्रमुख शिष्य स्वामी विवेकानंद के बीच के रिश्ते के बारे में पूरी दुनिया जानती है। पर बहुत कम लोग जानते हैं कि ये दोनों महान विभूतियां महात्मा गांधी की प्रेरणास्रोत थीं और गांधी जी तीव्र इच्छा के बावजूद स्वामी विवेकानंद से कभी मिल नहीं पाये।महात्मा गांधी पर श्री रामकृष्ण परमहंस और स्वामी विवेकानंद के गहन लेकिन अनदेखे प्रभाव पर प्रकाश डालने का काम डॉ. निखिल यादव ने अपनी शोध परक पुस्तक 'गांधी पर रामकृष्ण-विवेकानंद आंदोलन का प्रभाव' में किया है जिसका लोकार्पण यहां दिल्ली विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह-संपर्क प्रमुख भरत अरोड़ा और डॉ. राज कुमार फलवारिया और डॉ. अनन्या अवस्थी विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विवेकानंद केंद्र, उत्तर क्षेत्र के संघचालक श्री मानस भट्टाचार्य ने की। इस अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों और शोध विद्वानों




के साथ-साथ शिक्षाविदों, आध्यात्मिक नेताओं और भारत की दार्शनिक परंपराओं में गहरी रुचि रखने वाले विद्वानों के साथ-साथ देश की सांस्कृतिक विरासत से जुड़े नागरिक समाज के प्रतिष्ठित सदस्य उपस्थित थे।लेखक डॉ. निखिल यादव रामकृष्ण-विवेकानंद परंपरा के एक प्रतिष्ठित विद्वान और वर्तमान में विवेकानंद केंद्र उत्तर क्षेत्र के उप प्रमुख हैं।

पुस्तक के अनुसार गांधीजी के मन में न केवल स्वामी विवेकानंद से मिलने की तीव्र इच्छा थी, जो पूरी नहीं हो पायी। गांधी जी ने विवेकानंद की रचनाओं को पढ़ा और रामकृष्ण मिशन का दौरा भी किया, जिसकी स्थापना स्वामी विवेकानंद ने अपने गुरु श्री रामकृष्ण के सम्मान में की थी। डॉ. निखिल यादव ने पुस्तक का परिचय देते हुए कहा कि श्री रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद और महात्मा गांधी के जीवन और शिक्षाओं पर अलग-अलग व्यापक शोध और अध्ययन किए गए हैं।

# दिल्ली विधानसभा में 14 सीएजी रिपोर्ट्स को पेश करने के लिए विशेष सत्र बुलाए सरकार: भाजपा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता और भाजपा विधायकों की ओर से दिल्ली हाई कोर्ट में दायर एक याचिका के बाद दिल्ली सरकार ने आनन-फानन में 497 दिन के बाद रिपोर्ट्स को उपराज्यपाल को भेज दी है।

इस याचिका के माध्यम से सीएजी रिपोर्ट को विधानसभा में प्रस्तुत करने के निर्देश देने की मांग की है। इस मामले में अब विपक्ष के नेता ने दिल्ली विधानसभा का विशेष सत्र तुरंत बुलाने की मांग की है। जिसमें 14 सीएजी रिपोर्ट्स को न केवल प्रस्तुत किया जाए बल्कि इन पर विस्तार से चर्चा हो। इसके अलावा रिपोर्ट्स के निष्कर्षों की जांच के लिए विशेष समितियां बनाई जाएं और इस अभूतपूर्व देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि दिल्ली की जनता को यह जानने का पूरा हक है कि उनके पैसे का उपयोग कैसे हुआ। सीएजी रिपोर्ट्स को दबाने का यह जानबूझकर किया गया प्रयास वित्तीय कुप्रबंधन और भ्रष्टाचार को छिपाने की साजिश है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने सीएजी की अहम रिपोर्ट्स को 497 दिन तक जानबूझकर दबाए रखा और केवल दिल्ली हाई कोर्ट के संभावित प्रतिकूल आदेश के दबाव में इन्हें अब प्रस्तुत किया। इन रिपोर्ट्स को आखिरी क्षण में प्रस्तुत करना साफ दिखाता है कि सरकार जवाबदेही से बचने और वित्तीय गड़बड़ियों को छिपाने के प्रयास में लगी थी। गुप्ता ने कहा कि 497 दिन से लंबित 14 सीएजी रिपोर्ट्स की सूची, जिन्हें आआपा सरकार की वित्त मंत्री व मुख्यमंत्री आतिशी ने उपराज्यपाल सचिवालय में प्रस्तुत किया गया है।

उन्होंने कहा कि रिपोर्ट्स को दबाने का यह मामला इसलिए और गंभीर हो जाता है क्योंकि इनमें से 14 में से 11 रिपोर्ट्स उस समय के हैं, जब अरविंद केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री थे। ये रिपोर्ट्स सार्वजनिक स्वास्थ्य अवसंरचना और स्वास्थ्य सेवाओं के प्रबंधन, दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की कार्यप्रणाली, दिल्ली में शराब की आपूर्ति और नियमन, राज्य के वित्तीय मामलों और राजस्व, आर्थिक, सामाजिक और सामान्य क्षेत्रों से संबंधित अहम मुद्दों को कवर करती हैं।

गुप्ता ने कहा कि कुछ रिपोर्ट्स अगस्त 2023 से ही मंत्रियों की मेज पर धूल फांक रही हैं, जो संविधानिक दायित्वों और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति पूरी लापरवाही को उजागर करती है। यह चिंताजनक है कि इन रिपोर्ट्स में मोहल्ला क्लीनिक और सार्वजनिक स्वास्थ्य अवसंरचना का विस्तृत ऑडिट, डीटीसी की कार्यप्रणाली, राज्य के सार्वजनिक उपक्रमों की परफॉर्मेंस और वाहनों से होने वाले प्रदूषण की रोकथाम व कमी जैसे मुद्दे शामिल हैं। उन्होंने कहा कि 497 दिन की अभूतपूर्व देरी ने यह दिखा दिया है कि दिल्ली की शासन व्यवस्था में वित्तीय जवाबदेही पूरी तरह ठप हो चुकी है।

## श्रीलंका के राष्ट्रपति तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे



एजेंसी

**नई दिल्ली।** श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके तीन दिवसीय भारत यात्रा पर आज नई दिल्ली पहुंचे। केंद्रीय मंत्री एल. मुरुगन ने उनका स्वागत किया। श्रीलंका का राष्ट्रपति निर्वाचित होने के बाद यह उनकी पहली अन्तरराष्ट्रीय यात्रा है। उनके आगमन की जानकारी देते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि उनकी यात्रा से दोनों देशों के नागरिक केंद्रित साझेदारी और सशक्त होगी। दिसानायके 15 से 17 दिसंबर तक तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर भारत आये हैं। अपनी यात्रा के दौरान दिसानायके भारतीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और आपसी हित के मुद्दों पर चर्चा करेंगे। उनका बौद्ध गया जाने का भी कार्यक्रम है। राष्ट्रपति दिसानायके की यात्रा के बारे में श्रीलंका के कैबिनेट प्रवक्ता और स्वास्थ्य मंत्री नलिंदा जयतिसा ने भी बताया राष्ट्रपति के साथ विदेश मंत्री विजिता हेराथ और वित्त उप मंत्री अनिल जयंता फर्नांडो भी होंगे। उल्लेखनीय है कि दिसानायके इसी साल सितम्बर माह में श्रीलंका के राष्ट्रपति निर्वाचित हुए थे। उसके बाद भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अपनी कोलंबो यात्रा के दौरान 04 अक्टूबर को उन्हें भारत आने का निमंत्रण दिया था।

## दिल्ली की मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय गृहमंत्री को लिखा पत्र, दिल्ली में रोहिंग्या शरणार्थियों को बसाने का लगाया आरोप

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने आरोप लगाया कि 'केंद्र सरकार ने बिना किसी जानकारी के दिल्ली में बड़ी संख्या में अवैध रोहिंग्या शरणार्थियों को बसाया है, जबकि दिल्ली सरकार और जनता को इस मामले से पूरी तरह अंजान रखा गया। मुख्यमंत्री आतिशी ने गृहमंत्री अमित शाह को एक पत्र लिखकर कई सवाल पूछे हैं। आतिशी ने इस पत्र में ही उक्त आरोप लगाया है। आतिशी ने अपने पत्र में लिखा कि, केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी का ट्वीट भी इस बात को साफ करता है कि कैसे जानबूझकर भाजपा शासित केंद्र सरकार ने रोहिंग्याओं को दिल्ली में बसाया गया और बक्करवाला के ईडब्लूएस फ्लैट्स, जो दिल्ली के गरीबों के लिए थे, उसमें रोहिंग्या शरणार्थियों को बसाकर दिल्ली के लोगों से उनका हक छीना गया। उन्होंने पत्र में कहा है कि केंद्र सरकार के इस कदम से न केवल दिल्ली की कानून-व्यवस्था प्रभावित होगी, बल्कि शहर के सीमित संसाधनों पर भी दबाव बढ़ेगा। आगे गृहमंत्री को लिखे गए पत्र में मुख्यमंत्री ने कहा है कि दिल्ली किसी भी अंतरराष्ट्रीय सीमा के नजदीक नहीं है और बांग्लादेश सीमा से हजारों किलोमीटर दूर है। इसलिए यह हैरान करने वाली



बात है कि हमारी सीमाओं को पार करने के बाद, ये अप्रवासी बिना पकड़े कई राज्यों को पार करके दिल्ली कैसे पहुंच गए? इसलिए यह स्वभाविक है कि इस स्थिति के बारे में कई सवाल उठ रहे हैं। आतिशी ने अपने पत्र में कहा कि केंद्र सरकार के बसाए गए सभी रोहिंग्या शरणार्थियों की लिस्ट और पते की जानकारी दिल्ली सरकार, उपराज्यपाल और दिल्ली पुलिस को दी जाए। दिल्ली सरकार और जनता की अनुमति के बिना किसी भी अवैध शरणार्थी को दिल्ली में न बसाया जाए। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में कानून व्यवस्था के मुद्दे को लेकर शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को चिट्ठी लिखी थी। केजरीवाल ने कानून व्यवस्था पर चर्चा के लिए अमित शाह से मिलने का समय भी मांगा था। चिट्ठी में केजरीवाल ने दिल्ली की सुरक्षा को लेकर चिंता जाहिर की थी।

# दिल्ली में भाजपा की सरकार बनते ही किसानों को सब्सिडी का प्रावधान किया जाएगा: वीरेन्द्र सचदेवा

एजेंसी

**नई दिल्ली।**दिल्ली भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष विनोद सहरावत की अध्यक्षता में प्रदेश कार्यालय में किसान मोर्चा की संगठनात्मक बैठक हुई। इसमें प्रदेश सह प्रभारी डॉ अलका गुर्जर एवं दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने बड़ी संख्या में आए हुए किसान प्रतिनिधियों को संबोधित किया।

डॉ अलका गुर्जर ने कहा कि धारा 74/4 के तहत भूमिहीनों को कृषि करने के लिए जो भूमि दी गई थी, उन्हें मालिकाना हक दिया जाएगा। इतना ही नहीं अरविंद केजरीवाल सरकार की कमियों को घर-घर तक पहुंचाने में इस बार किसान भाइयों का भी एक अहम रोल होगा, क्योंकि वो केजरीवाल सरकार द्वारा सताए हुए हैं। उन्हें हर सुविधा से दूर रखा गया है।उन्होंने कहा कि दिल्ली में साहिब सिंह वर्मा के बाद किसानों के हित में काम नहीं किया गया लेकिन भाजपा इस बार सरकार में आते ही किसानों को उनका हक दिलाकर रहेगी।वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि भाजपा की दिल्ली में सरकार बनने के बाद दिल्ली देहात के गांवों का विकास होगा, सड़कों की बेहतर मरम्मत होगी, किसानों को बिजली सरल तरीके से दी जाएगी। इसके साथ ही किसानों को ट्रैक्टर की खरीद पर सब्सिडी एवं कृषि यंत्र की खरीद पर विशेष रूप से सब्सिडी का प्रावधान किया जाएगा।सचदेवा ने कहा कि गांवों की आबादी में हाई टेंशन तारों की समस्या है, जिसका समाधान किया जायेगा। दिल्ली देहात के किसानों को अभी तक केजरीवाल सरकार ने किसान का दर्जा नहीं दिया है, इसलिए भाजपा की सरकार बनते ही पहले किसानों को उनका दर्जा दिया जाएगा और जो अधिकार केजरीवाल सरकार ने उन्हें नहीं दिए हैं, उसे हम सुनिश्चित करेंगे। विनोद सहरावत ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर किसान मोर्चा आज से दिल्ली देहात के सभी गांवों में ग्राम चौपाल अभियान की शुरुआत की। इसमें गांवों में ट्रैक्टर पूजा, गौ पूजा और 26 साल तक दिल्ली के किसानों और ग्रामीणों के साथ जो नाइंसाफी की गई है, उसके बारे में घर-घर तक संदेश पहुंचाकर दिल्ली सरकार को बेनकाब किया जाएगा।

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित




**नयी दिल्ली ।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में घटबढ़ के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर सप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 1.53 प्रतिशत उबलकर 71.09 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया लेकिन इस दौरान लंदन ब्रेंट क्रूड 0.19 प्रतिशत उतरकर 74.35 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

## रूस से कच्चे तेल का आयात ढाई साल के निचले स्तर पर

**नई दिल्ली।** छूट में कटौती के बाद भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात नवंबर, 2024 में घटकर करीब ढाई साल के निचले स्तर पर आ गया। इसके बावजूद रूस अब भी भारत के लिए कच्चे तेल का सबसे बड़ा स्रोत बना हुआ है। इसके बाद इराक व सऊदी अरब का स्थान है। सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (सीआरईए) ने रिपोर्ट में कहा, नवंबर में भारत के रूसी कच्चे तेल के आयात में 55त्न की भारी गिरावट आई। यह जून, 2022 के बाद का सबसे निचला स्तर है। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले महीने चीन ने सबसे ज्यादा 47त्न कच्चा तेल रूस से खरीदा। उसके बाद भारत ने 37त्न कच्चे तेल का आयात किया। यूरोपीय संघ व तुर्किये ने क्रमशः 6-6 फीसदी कच्चे तेल की खरीदारी की। फरवरी, 2022 में यूक्रेन पर हमले के बाद भारत रूसी कच्चे तेल का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार बन गया। रूस से भारत की कच्चे तेल की खरीद एक फीसदी से कम होती थी, जो बढ़कर 40त्न पर पहुंच गई।

## कोयला आयात में भी भारत नंबर दो...

**नई दिल्ली।** रिपोर्ट के मुताबिक, पांच दिसंबर, 2022 से नवंबर, 2024 के अंत तक रूस से कोयला खरीदने वाले शीर्ष-5 देशों में चीन सबसे आगे रहा। चीन ने रूस के सभी कोयला निर्यात का 46फीसदी हिस्सा खरीदा। उसके बाद भारत ने 17फीसदी कोयला आयात किया। तुर्किये ने 11फीसदी, दक्षिण कोरिया ने 10फीसदी और ताइवान ने 5फीसदी कोयले की खरीदारी की।

## अटल पेंशन योजना में ग्राहकों की संख्या 7 करोड़ के पार

**नई दिल्ली।** अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के लिए 2 दिसंबर तक 7.15 करोड़ से अधिक ग्राहक नामांकन करा चुके हैं। इस योजना को वित्त मंत्रालय ने हाल ही में मील का पत्थर घोषित किया था। कार्यक्रम की सफलता पर प्रकाश डालते हुए मंत्रालय ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, अटल पेंशन योजना 7 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को सेवानिवृत्ति के बाद मन की शांति सुनिश्चित कर रही है।

## कोयला आयात चार प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** देश का कोयला आयात चालू वित्त वर्ष के पहले सात माह (अप्रैल-अक्तूबर) के दौरान 4.2 फीसदी बढ़कर 16.24 करोड़ टन पर पहुंच गया है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में कोयला आयात 15.58 करोड़ टन रहा था। बी2बी ई-कॉमर्स मंच एमजंक्शन सर्विसेज द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, अक्तूबर में कोयला आयात 14.4 फीसदी घटकर 2.18 करोड़ टन रह गया, जो पिछले वित्त वर्ष के इसी महीने में 2.55 करोड़ टन रहा था।

## हिंदुजा समूह जनवरी के अंत तक पूरा कर सकती है रिलायंस कैपिटल का अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** हिंदुजा समूह की कंपनी आईआईएचएल को कर्ज में डूबी रिलायंस कैपिटल (आर-कैप) का अगले महीने तक अधिग्रहण पूरा कर सकती है। समूह का लक्ष्य अगले पांच साल में बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और बीमा (बीएफएसआई) कारोबार को तीन गुना से अधिक बढ़ाकर 50 अरब डॉलर तक पहुंचाने का है। आईआईएचएल के चेयरमैन अशोक पी हिंदुजा की ओर से जारी बयान में कहा है कि, रिलायंस कैपिटल की समाधान प्रक्रिया से संबंधित अधिकांश स्वीकृतियां और प्रक्रियाएं पूरी हो चुकी हैं। प्रशासक और सीओसी की ओर से कुछ प्रक्रियाएं पूरी होनी बाकी हैं। उम्मीद है कि ये सभी अगले चार से छह सप्ताह में पूरी हो जाएंगी और जनवरी के अंत तक आर-कैप हिंदुजा समूह के अधीन आ जाएगी।

# इस सप्ताह चार कंपनियों के आईपीओ खुलेंगे, 12 शेयरों की होगी लिस्टिंग

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** शुरू हो रहे नए कारोबारी सप्ताह में चार कंपनियां अपने आईपीओ के जरिए प्राइमरी मार्केट में दस्तक देने वाली हैं। इनमें से दो कंपनियां मेनबोर्ड सेगमेंट की हैं, जबकि दो कंपनियां एसएमई सेगमेंट की हैं। इसके अलावा पिछले सप्ताह 12 और 13 दिसंबर को लॉन्च हुए चार आईपीओ में भी निवेशक इस सप्ताह 16 और 17 दिसंबर तक बोली लगा सकेंगे। इस सप्ताह 12 कंपनियों के शेयर भी स्टॉक मार्केट में लिस्ट हो सकते हैं। सप्ताह के दूसरे कारोबार दिन 17 दिसंबर को एनएसीडीएसी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड का 10.01 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलने वाला है। इस आईपीओ में 19 दिसंबर तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ




के तहत बोली लगाने के लिए 33 से 35 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 4,000 शेयर का है। कंपनी के शेयर 24 दिसंबर को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे।सप्ताह के तीसरे कारोबार के दिन 18 दिसंबर को आईडेंटिकल ब्रेन्स स्टूडियो का 19.95 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए ओपन होगा। इस आईपीओ की क्लोजिंग 20 दिसंबर को होगी?। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 51 से 54 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 2,000 शेयर का है। कंपनी के शेयर 26 दिसंबर को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे।सप्ताह के चौथे कारोबार के दिन 19 दिसंबर को ममता मशीनरी लिमिटेड का 179.39 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए ओपन होगा। इस आईपीओ की क्लोजिंग 23 दिसंबर को होगी। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 230 से 243 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 61 शेयर का है। कंपनी के शेयर 27 दिसंबर को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट होंगे।इसी दिन ट्रांसरेल लाइटिंग लिमिटेड का 400 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। ये आईपीओ 23 दिसंबर को बंद होगा। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए अभी प्राइस बैंड और लॉट साइज तय नहीं किया गया है। कंपनी के शेयर 27 दिसंबर को ही बीएसई और एनएसई पर लिस्ट होंगे। इस सप्ताह इन चार आईपीओ के अलावा पिछले सप्ताह 12 दिसंबर को सब्सक्रिप्शन के लिए खुले यश हाई वोल्टेज लिमिटेड और एनवेंचरस नॉलेज सॉल्यूशंस के आईपीओ में 16 दिसंबर तक बोली लगाई जा सकेगी।

## विदेशी मुद्रा भंडार 3.24 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 654.9 अरब डॉलर पर

**एजेंसी**

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और स्वर्ण भंडार में गिरावट होने से 06 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 3.24 अरब डॉलर लुढ़ककर 654.9 अरब डॉलर पर आ गया।वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.5 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 658.1 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 06 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.23 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 565.6 अरब डॉलर पर आ गई। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 4.3 करोड़ डॉलर गिरकर 66.9 अरब डॉलर रह गया। वहीं, आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 2.5 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई



और यह बढ़कर 18 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में 1.2 करोड़ डॉलर के इजाफे के साथ 4.3 अरब डॉलर पर पहुंच गई।

## सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट, सोने-चांदी की कीमत घटी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज मामूली गिरावट का रुख नजर आ रहा है। सोने के भाव में गिरावट आने से देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 78,030 रुपये से लेकर 77,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 71,540 रुपये से लेकर 71,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी के भाव में गिरावट आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत गिर कर 92,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 78,030 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,540 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 77,930 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 71,440 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 77,880 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 71,390 रुपये प्रति 10



ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 77,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 78,030 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 71,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 77,930 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 71,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 78,030 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना सस्ता हुआ है।

इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 77,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 71,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## सीआईएल का सीएसआर व्यय 10 वर्षों में 5,570 करोड़ रुपये के पार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी (पीएसयू) कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने पिछले एक दशक में कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहलों पर 5,570 करोड़ रुपये खर्च किए हैं।

कोल इंडिया के चेयरमैन पी एम प्रसाद ने कोलकाता में तीसरा सीआईएल सीएसआर कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कंपनी शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, कौशल विकास, खेल और महिला सशक्तीकरण पर ध्यान केंद्रित कर रही है। प्रसाद ने कहा कि सीआईएल सीएसआर गतिविधियों के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पिछले दशक के दौरान अखिल भारतीय स्तर पर स्वास्थ्य और शिक्षा को केंद्र में रखते हुए 5,570 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। भारत के सीएसआर कानून और कोल इंडिया के सीएसआर के संस्थागत स्वरूप लेने के एक दशक पूरा होने पर आयोजित तीसरा सीआईएल सीएसआर कॉन्क्लेव का उद्घाटन पश्चिम बंगाल के राज्यपाल और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सी




वी आनंद बोस ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कोल इंडिया लिमिटेड की सीएसआर पहलों की सराहना की। सीआईएल की सामाजिक प्रतिबद्धता का जिक्र करते हुए बोस ने कहा कि हम एक परिवर्तनकारी युग में जी रहे हैं, हमें सीमाओं से परे देखना होगा जो संबंधों को बनाने के लिए आवश्यक है। इस अवसर पर कोयला मंत्रालय के सचिव और विशिष्ट अतिथि विक्रम देव दत्त ने कहा कि सीएसआर सीआईएल और उसकी सहायक कंपनियों के लिए विश्वास का एक अभिलेख है और जनवरी से शुरू होकर हर महीने थीम-आधारित सीएसआर होगा। वहीं, सीआईएल के निदेशक (कार्मिक) विनय रंजन ने कहा कि सीआईएल सीएसआर पर सूक्ष्मतम फोकस के लिए 2014 में सामुदायिक विकास कैडर शुरू करने वाला भारत का पहला सीपीएसई है।

## मूंगफली तेल महंगा; दालें सस्ती

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों में गिरावट आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग निकलने से से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में मूंगफली तेल महंगा हो गया जबकि उठाव कमजोर रहने से दालें सस्ती हो गई वहीं अनाज और मीठे के भाव में मिलाजुला रुख रहा।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसंबर वायदा सप्ताहांत पर 170 रिंगिट लुढ़ककर 5145 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह दिसंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.31 सेंट की गिरावट के साथ 42.44 सेंट प्रति पौंड बोला गया।इस दौरान मूंगफली तेल 366 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया। वहीं, सरसों तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे



पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 17215 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19413 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 15751 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 15531 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 13187 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 16116 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

## सरकार ने शुरू की 'जलवाहक' योजना, नदियों के जरिए होगी कार्गो की ढुलाई

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने अंतर्देशीय जलमार्गों के जरिए माल की आवाजाही को बढ़ावा देने के लिए 'जलवाहक' योजना की शुरुआत की है। केंद्रीय बंदरगाह, पोत-परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने तीन मालवाहक जहाजों को हरी झंडी दिखाकर इस सर्विस का उद्घाटन किया।

केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने तीन मालवाहक जहाजों की निर्धारित अनुसूचित सेवा का उद्घाटन के बाद कहा कि यह योजना राष्ट्रीय जलमार्ग-1 (गंगा), 2 (ब्रह्मपुत्र) और 16 (बराक नदी) पर टिकाऊ और लागत प्रभावी परिवहन को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इसके तहत पश्चिम बंगाल से लेकर पटना, बनारस और गुवाहाटी तक जलमार्ग के जरिए माल




की ढुलाई अब रेलवे की मालगाड़ी से भी सस्ती पड़ेगी। सोनोवाल ने कहा कि योजना का उद्देश्य अंतर्देशीय जलमार्गों की व्यापार क्षमता को खोलने के साथ-साथ रसद लागत को कम करना और सड़क और रेल नेटवर्क पर भीड़भाड़ कम करना है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत जलमार्गों के जरिए 300 किलोमीटर से अधिक दूरी तक माल परिवहन करने वाले कार्गो मालिकों को परिचालन लागत पर 35 फीसदी तक की प्रतिपूर्ति मिलेगी। मंत्री ने कहा कि इस योजनाओं का उद्देश्य 95.4 करोड़ के निवेश के साथ 800 मिलियन टन किलोमीटर के मॉडल शिफ्ट को प्रोत्साहित करना है। इसके तहत पहला जहाज-एमवी त्रिशूल दो डंब बार्ज अजय और दीखू के साथ-1500 टन सीमेंट कोलकाता के जीआर जेट्टी से गुवाहाटी के पांडु तक आईबीपीआर के माध्यम से ले जा रहा है। दूसरा जहाज-एमवी एएआई-1000 टन जिप्सम को पटना ले जा रहा है, जबकि तीसरा जहाज-एमवी होमी भाभा -200 टन कोयला वाराणसी ले जा रहा है। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने जारी बयान में बताया कि यह योजना तीन वर्षों तक वैध रहेगी। इस योजना को प्रमुख माल ढुलाई कंपनियों, माल ढुलाई प्रेषकों और व्यापार निकायों के लिए आपूर्ति श्रृंखलाओं को अनुकूलित करने के लिए तैयार किया गया है। मंत्रायल के मुताबिक इसको भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) और भारतीय शिपिंग निगम की अनुषंगी कंपनी अंतर्देशीय और तटीय शिपिंग लिमिटेड (आईसीएसएल) द्वारा संयुक्त रूप से कार्यान्वित किया जाएगा।

## साप्ताहिक शेयर समीक्षा: विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय बाजारों से 226.70 करोड़ रुपये की बिकवाली

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** मिले-जुले ग्लोबल संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजार लगातार चौथे हफ्ते साप्ताहिक आधार पर बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहा। पिछले सप्ताह में 5 दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 623.07 अंक यानी 0.76 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82,133.12 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी भी साप्ताहिक आधार पर 90.50 अंक यानी 0.36 प्रतिशत की मजबूती के साथ 24,768.30 अंक के स्तर बंद हुआ। पिछले सप्ताह सोमवार से शुक्रवार तक के कारोबार में विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय बाजारों से 226.70 करोड़ रुपये की बिकवाली की। खरीद बिक्री मिलाकर विदेशी संस्थागत निवेशक दिसंबर के महीने में अभी तक कुल 11,706.89 करोड़ रुपये का कारोबार किया। दूसरी ओर, घरेलू संस्थागत निवेशकों ने पिछले सप्ताह के कारोबार के दौरान घरेलू शेयर बाजार में 2,880.02



करोड़ रुपये की खरीदारी की। इस सप्ताह की खरीदारी को मिलाकर दिसंबर के महीने में घरेलू संस्थागत निवेशक कुल 4,672.49 करोड़ रुपये की लिवाली कर चुके हैं। 9 दिसंबर से 13 दिसंबर के बीच कारोबार के दौरान लार्जकैप इंडेक्स 0.24 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इस इंडेक्स में शामिल एलटी माइंडट्री, जिंदल स्टील एंड पावर, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, बजाज होल्डिंग्स एंड इन्वेस्टमेंट, विप्रो और एचडीएफसी ऐसेट मैनेजमेंट कंपनी के शेयर लार्जकैप इंडेक्स के टॉप गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन आफ इंडिया, जोमैटो, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, आईडीबीआई बैंक, डिवीज लेबोरेट्रीज, इंडस टावर्स और एवेन्यू सुपरमार्ट्स लार्जकैप इंडेक्स के टॉप लूजर्स की सूची में शामिल हुए। बीएसई का मिडकैप इंडेक्स पिछले सप्ताह के कारोबार के बाद 0.20 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इस इंडेक्स में शामिल डेल्हीवेरी, क्लीन साइंस एंड टेक्नोलॉजी, क्रिसिल, मैक्स हेल्थकेयर इंस्टीट्यूट, निप्पोन लाइफ इंडिया ऐसेट मैनेजमेंट और मुथूट फाइनेंस के शेयर टॉप गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर इमामी, जी इंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज, बायोकॉन, गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस, यूको बैंक, सन टीवी नेटवर्क, सोना बीएलडब्लू प्रेसीजन फोर्जिंग्स, कंसल नैरोलैक पेंट्स और कैस्ट्रॉल इंडिया के शेयर इस इंडेक्स के टॉप लूजर्स की सूची में शामिल हुए। लार्जकैप और मिडकैप इंडेक्स के विपरीत स्मॉल कैप इंडेक्स पिछले सप्ताह के कारोबार के बाद मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ। इस इंडेक्स में शामिल सेंटम इलेक्ट्रॉनिक्स, सनफ्लैग आयरन एंड स्टील कंपनी, गोकलदास एक्सपोर्ट्स, ग्रीव्स कॉटन, कीटेक्स गारमेंट्स, गुजरात इंडस्ट्रीज पावर, इंडो काउंट इंडस्टरीज, वैरोक इंजीनियरिंग, विधि स्पेशलिटी फूड इनग्रेडिएंट्स, कैंटेबिल रिटेल इंडिया और परमानेंट मैग्नेट्स के शेयर टॉप गेनर्स की सूची में शामिल हुए।

## केआईसीएल ने भारतीय बाजार में उतारा फ्रेंच ब्रांड किकर्स

**एजेंसी**

**तिरुवनंतपुरम।** कोठारी इंडस्ट्रियल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (केआईसीएल) ने भारतीय बाजार में प्रतिष्ठित प्रीमियम फ्रेंच ब्रांड किकर्स उतारने की घोषणा की है, जो पुरुषों और महिलाओं के लिए फुटवियर और एक्सेसरीज में उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध कराएगा। केआईसीएल के प्रबंध निदेशक डॉ. जे रफीक अहमद ने कहा, फुटवियर न केवल आपके पैरों को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, बल्कि उन जटिलताओं से भी बचाते हैं जिनके लिए चिकित्सा उपचार की आवश्यकता हो सकती है क्योंकि अनगिनत रक्त वाहिकाएं और तंत्रिका अंत आपके पैरों को हृदय, मस्तिष्क और रीढ़ से जोड़ते हैं, इसलिए अपने पैरों के स्वास्थ्य की देखभाल करना जीवन की समग्र गुणवत्ता और

KICL
Kothari Industrial Corporation Limited

गतिशीलता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाता है। श्री अहमद ने एक विज्ञप्ति में कहा कि भारत का पहला किकर्स स्टोर हाल ही में चेन्नई में खोला गया, इस अवसर पर पांडिचेरी और चेन्नई में फ्रांस के महावाणिज्यदूत एटिने रोलांड-पीग्यू और ब्यूरो डी फ्रांस के आर्थिक कूटनीति अधिकारी कार्ल बौलैंगर भी उपस्थित रहे।। केआईसीएल ने भारत और श्रीलंका, बांग्लादेश, मालदीव, भूटान, नेपाल, कतर, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और सऊदी अरब सहित अन्य देशों में प्रतिष्ठित किकर्स ब्रांडेड उत्पादों की बिक्री और विपणन के लिए फ्रांस स्थित रॉयर ग्रुप के साथ 30 साल का लाइसेंसिंग और वितरण समझौता किया है।

## ग्लेनमार्क समेत कई भारतीय कंपनियों ने अमेरिका में वापस मंगाईं दवाएं

**नई दिल्ली।** दवा निर्माता अरबिंदो फार्मा, ग्लेनमार्क और जायडस ने उत्पादन संबंधी खामियों के कारण अमेरिकी बाजार से अपने उत्पादों को वापस मंगाया है। अमेरिकी खाद्य व औषधि प्रशासन (यूएसएफडीए) की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, हैदराबाद स्थित दवा निर्माता की अनुषंगी कंपनी अरबिंदो फार्मा यूएसए इंक सिनाकैल्सेट गोलियों की एक लाख से अधिक बोतलें वापस मंगा रही है।

अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक ने कहा, न्यू जर्सी स्थित कंपनी ने उत्पाद को जीएमपी डेविएशनः एन-नाइट्रोसो सिनाकैल्सेट अशुद्धता की एफडीए के मानक से अधिक उपस्थिति के कारण वापस मंगाया है। सिनाकैल्सेट टैबलेट का इस्तेमाल हाइपरपैराथायरायडिज्म के इलाज के लिए किया जाता है। इसी तरह, ग्लेनमार्क फार्मास्यूटिकल्स की एक अमेरिकी अनुषंगी कंपनी अमेरिकी बाजार से डिल्टियाजेम हाइड्रोक्लोराइड कैप्सूल की लगभग 90,000 बोतलें वापस मंगा रही है। यूएसएफडीए ने कहा कि जायडस फार्मास्यूटिकल्स (यूएसए) इंक लेबलिंग त्रुटि के कारण विलंबित-रिलीज ओरल सस्पेंशन (40 मिलीग्राम) के लिए एसोमेप्राजोल मैग्नीशियम के 4,404 डिब्बे वापस बुला रहा है। इस दवा का उपयोग पेट की कुछ समस्याओं के इलाज के लिए किया जाता है। कंपनी ने 14 नवंबर को प्रभावित डिब्बों को देश भर में वापस मंगाने की पहल की थी।

# टॉप 10 में शामिल पांच कंपनियों का मार्केट कैप 1.13 लाख करोड़ बढ़ा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में सोमवार से शुक्रवार के कारोबारी सप्ताह के दौरान हुई खरीद-बिक्री के कारण देश की टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में से पांच कपनियों के मार्केट कैप में कुल 1,13,117.17 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। इस दौरान भारती एयरटेल के मार्केट कैप में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी हुई। वहीं टॉप 10 की शेष पांच कंपनियों के मार्केट कैप में कुल मिला कर 1,09,779.19 करोड़ रुपये की कमी हो गई। टॉप 10 में शामिल कंपनियों के मार्केट कैप की यह स्थिति तब हुई, जब पिछले कारोबारी सप्ताह के दौरान बीएसई का सेंसेक्स 623.07 अंक यानी 0.76 प्रतिशत और एनएसई का निफ्टी 90.50 अंक यानी 0.36 प्रतिशत मजबूत हो गया। बीते सप्ताह के दौरान भारती एयरटेल के अलावा टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और इंफोसिस के मार्केट कैप में बढ़ोतरी हुई। वहीं, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), आईटीसी और हिन्दुस्तान यूनिलीवर के वैल्यूशन में गिरावट आई। सोमवार से शुक्रवार के बीच हुए कारोबार के दौरान भारती एयरटेल का मार्केट कैप 47,836.60 करोड़ रुपये बढ़ कर 9,57,842.40 करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंच गया। इसी तरह इंफोसिस का मार्केट कैप सोमवार से शुक्रवार तक हुए कारोबार के दौरान 31,826.97 करोड़ रुपये बढ़ कर 8,30,387.10 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसके अलावा एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 11,887.78 करोड़ रुपये बढ़ कर 14,31,158.06 करोड़ रुपये के स्तर पर, आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 11,760.80 करोड़ रुपये उछल कर 9,49,306.37 करोड़ रुपये के स्तर पर और टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मार्केट कैप 9,805.02 करोड़ रुपये बढ़ कर 16,18,587.63 करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंच गया। दूसरी ओर, रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 52,031.98 करोड़ रुपये घट कर 17,23,144.70 करोड़ रुपये के स्तर तक गिर गया। इसी तरह भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मार्केट कैप 32,067.73 करोड़ रुपये कम होकर 5,89,869.29 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इसके अलावा हिंदुस्तान यूनिलीवर का मार्केट कैप 22,250.63 करोड़ रुपये घट कर 5,61,423.08 करोड़ रुपये के स्तर पर, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) का मार्केट कैप 2,052.66 करोड़ रुपये घट कर 7,69,034.51 करोड़ रुपये के स्तर पर और आईटीसी का मार्केट कैप 1,376.19 करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 5,88,195.82 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया मार्केट कैप के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज 17,23,144.70 करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) के साथ देश की सबसे अधिक मार्केट कैप वाली कंपनी रही। इसके बाद टीसीएस (कुल मार्केट कैप 16,18,587.63 करोड़ रुपये), एचडीएफसी बैंक (कुल मार्केट कैप 14,31,158.06 करोड़ रुपये), भारती एयरटेल (कुल मार्केट कैप 9,57,842.40 करोड़ रुपये), आईसीआईसीआई बैंक (कुल मार्केट कैप 9,49,306.37 करोड़ रुपये), इंफोसिस (कुल मार्केट कैप 8,30,387.10 करोड़ रुपये), स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (कुल मार्केट कैप 7,69,034.51 करोड़ रुपये), एलआईसी (कुल मार्केट कैप 5,89,869.29 करोड़ रुपये), आईटीसी (कुल मार्केट कैप 5,88,195.82 करोड़ रुपये) और हिंदुस्तान यूनिलीवर (कुल मार्केट कैप 5,61,423.08 करोड़ रुपये) के नाम सबसे मूल्यवान टॉप 10 कंपनियों के लिस्ट में दूसरे से दसवें स्थान पर बने रहे।

# तो 2023 में ही मथियास बो की दुल्हनिया बन गई थीं

# तापसी पन्नू



## एक साल तक क्यों छिपाया शादी का सच?

हिंदी सिनेमा की दुनिया में तापसी पन्नू एक बेहतरीन अदाकारा हैं. उन्होंने कई बड़े-बड़े स्टार्स के साथ फिल्मों में काम किया है और एक्ट्रेस की फिल्में हिट रही हैं. हाल ही में तापसी पन्नू ने अपनी शादी को लेकर खुलासा किया है. एक्ट्रेस ने बताया है कि उनकी शादी साल 2024 में नहीं बल्कि 2023 में हो गई थी.

आज तक के साथ बातचीत के वक्त तापसी पन्नू ने और भी कई मुद्दों पर बात की. इस दौरान उन्होंने अपनी शादी पर भी बड़ा खुसासा किया. उन्होंने कहा कहा, हमारी अरेंज मैरिज नहीं थी, लव मैरिज थी. असल में लोगों को कुछ भी इसलिए नहीं पता चला, क्योंकि मैंने प्रेस रिलीज नहीं दिया था और मेरी इस साल नहीं पिछले साल शादी हो गई थी. अब बहुत जल्द एक साल होने को हैं, हमने पिछले साल दिसंबर में पेपर्स साइन कर लिए थे. ये बात अगर शायद आज मैं नहीं बोलती तो पता भी नहीं चलता. हमने ये चाहा था कि हमारी जो पर्सनल लाइफ है, वो पर्सनल ही रहे.

**तापसी ने क्यों नहीं किया शादी का खुलासा**

तापसी ने कहा, हम अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को अलग-अलग ही रखना चाहते थे.



क्योंकि मैंने देखा है, मेरे कुछ कलीग्स को कि जब पर्सनल लाइफ कुछ ज्यादा ही एक्सपोज हो जाती है तो उनकी निजी और प्रोफेशनल लाइफ दोनों पर असर होने लग जाता है. आपकी पर्सनल लाइफ के हाई या लो का क्रेडिट आपके पर्सनल लाइफ में दिखने लगता है, और आपकी पर्सनल लाइफ पर असर होने लग जाता है. तो मुझे इसके बीच एक सॉलिड लाइन बनाकर रखनी थी कि मेरी पर्सनल लाइफ हमेशा पर्सनल रहे और प्रोफेशनल लाइफ प्रोफेशनल रहेगी.

**ट्रेडिशनल तरीके से हुई थी शादी**

तापसी पन्नू ने मथियास बो के साथ इस साल 23 मार्च को उदयपुर में शादी की थी. ये एक ट्रेडिशनल सेरेमनी थी. दोनों की शादी में केवल परिवार के लोग और कुछ बहुत खास दोस्त शामिल हुए थे. तापसी पन्नू और मथियास की शादी में अनुराग कश्यप, पल्लवी गुलाटी और कनिका ढिल्लों समेत उनके कुछ सेलिब्रिटी दोस्त शामिल हुए थे. तापसी पन्नू और मथियास बो ने 2013 से डेट करना शुरू कर दिया था और दोनों को साथ में 11 साल हो चुके हैं. वो एक-दूसरे के साथ हैं और बहुत खुश हैं.

## Allu Arjun को देख भर आईं पत्नी

# स्नेहा रेड्डी

## की आंखें, पति का Kiss कर लगाया गले, बेटा भी हुआ इमोशनल



शुक्रवार को अल्लू अर्जुन के ऊपर गाज गिर गई। 4 दिसंबर को पुष्पा 2 के प्रीमियर के दौरान संध्या थिएटर में एक महिला की मौत के मामले में अभिनेता को गिरफ्तार कर लिया गया। शुक्रवार को अभिनेता को घर से गिरफ्तार किया गया।



इस दौरान उनकी पत्नी स्नेहा रेड्डी टूट गई थीं।अल्लू अर्जुन की गिरफ्तारी के बाद ही उन्हें जेल भेज दिया गया और फिर तुरंत उन्हें अंतरिम बेल भी मिल गई। मगर इसके बावजूद उन्हें एक रात जेल में बितानी पड़ी, जिसके चलते उनकी पत्नी स्नेहा पर क्या बीती है, यह उनके लेटेस्ट वीडियो से साफ जाहिर हो रहा है।

**पति को देख भावुक हुईं स्नेहा रेड्डी**

अल्लू अर्जुन की रिहाई के बाद एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। क्लिप में स्नेहा रेड्डी अपने पति को देखते ही इमोशनल हो जाती हैं। वह पहले अपने पति को गाल पर किस करती हैं और उन्हें जोर से गले लगा लेती हैं। स्नेहा की आंखों में आंसू साफ दिखाई दे रहा है। वह अपने को गले लगकर अपने इमोशन को छुपाने की कोशिश कर रही हैं।

इस दौरान अल्लू अर्जुन भी अपनी पत्नी का हौसला बढ़ाते हुए दिख रहे हैं। वीडियो में एक्टर का बेटा भी दिख रहा है। बेटे ने अपनी मां और पिता को गले लगाया। यह इमोशनल वीडियो सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से वायरल हो रहा है।

**गिरफ्तारी पर बोले अल्लू अर्जुन**

शनिवार को जेल से रिहा हुए अल्लू अर्जुन ने पहली बार अपनी गिरफ्तारी पर चुप्पी तोड़ी है और पीड़िता के परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा, मैं एक बार फिर परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करना चाहता हूं। यह एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना थी। जो कुछ हुआ उसके लिए हमें खेद है। एक्टर ने फैंस को भरोसा दिलाया कि अब चिंता की कोई बात नहीं है और साथ ही समर्थन के लिए उन्हें धन्यवाद किया है।

बात करें वर्क फ्रंट की तो इन दिनों अल्लू अर्जुन एक्शन थ्रिलर तेलुगु फिल्म पुष्पा 2 (**Pushpa** 2) में नजर आ रहे हैं। इस फिल्म ने दुनियाभर में 1100 करोड़ के पार कारोबार किया है।

## जब डायरेक्टर ने चुपके से इस सुपरस्टार संग फिल्मा दिया श्रीदेवी का किसिंग सीन, मच गया था बवाल



बॉलीवुड में कई किस्से कहानियां चलते रहते हैं. कई बार पर्दे के सामने जो दिखाई देता है, पर्दे के पीछे चीजें उससे काफी ज्यादा अलग होती हैं. पर्दे के पीछे ऐसे कई किस्से होते हैं, जो जल्दी सामने नहीं आते हैं, लेकिन जब सामने आती हैं तो सब दंग रह जाते हैं. एक ऐसा ही किस्सा है श्रीदेवी और मिथुन चक्रवर्ती की फिल्म 'गुरु' का. 'गुरु' फिल्म की शूटिंग के दौरान कुछ ऐसा हुआ था कि श्रीदेवी फिल्म के निर्देशक उमेश मेहरा पर भड़क गई थीं. उन्होंने निर्देशक को खूब खरी-खोटी सुनाई थी.श्रीदेवी उन दिनों एक से बढ़कर एक फिल्में दे रही थीं, लेकिन फिल्म करने से पहले निर्देशकों के साथ उनकी साफ-साफ नो किसिंग पॉलिसी हुआ करती थी. कहते हैं कि श्रीदेवी को फिल्मों में को-स्टार के साथ किसिंग सीन देना पसंद नहीं था. न तो वो खुद ऐसा करती थीं और न ही बॉडी डबल के सहारे ये सीन शूट के लिए राजी होती थीं.

**जब खूब हुए मिथुन और श्रीदेवी के प्यार के चर्चे**

उस समय श्रीदेवी और मिथुन चक्रवर्ती के अफेयर के चर्चे फिल्मी गलियारों में खूब थे. हर निर्माता-निर्देशक चाहता था कि वो दोनों को एकसाथ अपनी फिल्म में लें और मूवी हिट हो जाए. निर्देशक उमेश मेहरा ने श्रीदेवी और मिथुन चक्रवर्ती के साथ 'गुरु' फिल्म साइन की. श्रीदेवी ने साफ तौर पर कह दिया था कि फिल्म में कोई किसिंग सीन शामिल नहीं किया जाएगा. लीगल कॉन्ट्रैक्ट साइन हुआ और फिल्म की शूटिंग शुरू हो गई.

**किसिंग सीन देख खूब हुआ हंगामा**

जब गुरु की शूटिंग लगभग 90% हो गई तो फिल्म की स्क्रिप्ट में एक किसिंग सीन जोड़ दिया गया जो कि श्रीदेवी की बॉडी डबल ने शूट किया था. जब ये सबके सामने आया तो श्रीदेवी बहुत भड़क गई थीं. श्रीदेवी ने 1992 में फिल्मफेयर को एक इंटरव्यू दिया था. उस वक्त उन्होंने ये किस्सा सुनाया था. श्रीदेवी ने कहा था, मैंने गुरु में किसिंग सीन करने से मना कर दिया था, लेकिन डायरेक्टर ने मुझसे बिना बताए फिल्म में किसिंग सीन शूट करवा दिया और उसे मेरी बॉडी डबल ने किया था.

## रितेश देशमुख बॉक्स ऑफिस पर छाने को तैयार, हाथ में हैं तीन बड़ी फिल्में




बॉलीवुड एक्टर रितेश देशमुख को लास्ट टाइम फिल्म ककुड़ा में देखा गया था, जो ओटीटी पर रिलीज हुई थी. उस हॉरर-कॉमेडी फिल्म के बाद से रितेश किसी हिंदी फिल्म में नजर नहीं आए हैं. फैंस जानना चाहते थे कि आखिर आजकल रितेश देशमुख हैं कहां? हाल ही में एक इंटरव्यू में रितेश देशमुख ने अपने आने वाले प्रोजेक्ट्स के बारे में बताया है.इस 17 दिसंबर को रितेश अपना 45वां बर्थडे मनाएंगे. अभी तक रितेश हिंदी और मराठी सिनेमा के लिए ढेरों फिल्में कर चुके हैं और रितेश का फिल्मी करियर सफल रहा है. अगर बात रितेश की आने वाली फिल्मों की करें तो उनकी तीन बड़ी रोमांटिक-कॉमेडी फिल्में आने वाली हैं.

**रितेश देशमुख की आने वाली फिल्में**

इंडिया टुडे को दिए एक इंटरव्यू में जब रितेश से सवाल पूछा गया कि उनके आने वाले प्रोजेक्ट्स क्या-क्या हैं? इसपर रितेश कहते हैं, 'मेरे पास तीन बड़े प्रोजेक्ट्स हैं. मैं मस्ती 4, धमाल 4 और हाउसफुल 5 कर रहा हूं. मैं अपने को-एक्टर्स और डायरेक्टर्स के साथ रीयूनियन के लिए बहुत एक्साइटेड हूं.' इनमें से फिल्म हाउसफुल 5 तो 6 जून 2025 को रिलीज हो रही है, जिसमें रितेश देशमुख के साथ अक्षय कुमार, फरदीन खान, अभिषेक बच्चन जैसे कलाकार नजर आएंगे.

वहीं 'मस्ती' के चौथे पार्ट का ऐलान कर दिया गया है. 'धमाल' के चौथे पार्ट का 2025 में ऐलान हो सकता है. मस्ती और धमाल 2026 में आ सकती हैं. रितेश देशमुख इन फिल्मों के लीड एक्टर्स में से एक हैं. इन दोनों फिल्मों के पिछले पार्ट्स भी कमाल के थे और अब फैंस को इन फिल्मों का भी इंतजार है.

**रितेश देशमुख सोच-समझकर करते हैं फिल्में**

रितेश देशमुख ने बताया है कि अब फिल्मों को सिलेक्ट करने से पहले वो काफी विचार करते हैं. रितेश ने इस बारे में कहा, 'समय के साथ, मेरी फिल्मों को सिलेक्ट करने का नजरिया बदला है. आज मैं उन लोगों के साथ काम करना चाहता हूं, जिनका मैं बहुत सम्मान करता हूं और जिन्होंने मुझे उस दौर में पहचाना जब मैं नया था.अब मैं उन सितारों में शामिल हूं जो अपनी पसंद की ही फिल्में करते हैं वरना मना भी कर सकते हैं.'